नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

मुख्य लेखा परीक्षक
की
वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

विषय-सूची

प्राक्कथन

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम 1994 की धारा 59 की उपधारा 17 के अनुसार 31 मार्च 2008 को समाप्त हुए वर्ष की वार्षिक आडिट रिपोर्ट परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये तैयार कर दी गई है । अधिनियम में यह परिकल्पना की हुई है कि मुख्य लेखा परीक्षक परिषद् के पूर्व वर्ष के समस्त लेखों की रिपोर्ट परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

31 मार्च 2008 को समाप्त वर्ष हेतु समीक्षाओं से संबंधित वार्षिक आडिट रिपोर्ट परिषद् को पहले ही प्रस्तुत कर दी गई है।

यह आडिट रिपोर्ट वर्ष 2007-08 के लिए वार्षिक लेखों तथा लेन-देन/मामलों की टिप्पणियों के संबंध में है । रिपोर्ट में प्रस्तुत ये लेन-देन/मामले उनमें से हैं जो कि वर्ष 2007-08 के दौरान लेखा व लेन-देन के परीक्षण लेखा परीक्षा के दौरान जानकारी में आये तथा पूर्व वर्ष में भी जो जानकारी में आये परंतु पिछली रिपोर्ट में नहीं दिए जा सकें; वर्ष 2007-08 के बाद की अवधि से संबंधित मामले भी आवश्यकतानुसार इसमें सम्मिलित किये गये हैं।

सारांश

इस रिपोर्ट में एक अध्याय नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की वर्ष 2007-08 की वित्तीय स्थिति से संबंधित है, और अन्य आठ अध्यायों के 11 पैराग्राफों में परिषद् के विभिन्न विभागों के आडिट के परिणाम सम्मिलित हैं।

वित्तीय परिणाम

परिषद् की वित्तीय स्थिति मुख्यत: नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम 1994 की धारा 44 के अन्तर्गत परिषद् द्वारा पोषित नई दिल्ली नगरपालिका निधि से प्रतिबिम्बित होती है । सभी प्राप्तियों और व्ययों को इस निधि के अधीन लेखांकित किया जाता है । वर्ष 2007-08 के दौरान, 60.13 करोड़ रुपये का आधिक्य था जिससे 31 मार्च 2008 को समापन शेष 91.74 करोड़ रुपये हो गया ।

वर्ष 2006-07 में प्राप्त राजस्व 1125.00 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 1359.17 करोड़ रुपये हो गया जो कि पूर्व वर्ष की तुलना में 20.82 प्रतिशत अधिक है । कुल प्राप्त राजस्व में कर राजस्व का अंश 223.10 करोड़ रुपये था जो कि कुल राजस्व का 16.41 प्रतिशत था । गृहकर की 188.48 करोड़ रुपये की राशि अर्थात् कुल राजस्व का 84.48 प्रतिशत, राजस्व का प्रमुख स्रोत बना रहा। वर्ष 2007-08 के दौरान गैर-कर राजस्व का अंश 1055.52 करोड़ रुपये था, जो कि कुल प्राप्त राजस्व का 77.66 प्रतिशत था । 2006-07 में 883.73 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व बढ़कर 2007-08 में 1055.52 करोड़ रुपये हो गया, इस तरह 2006-07 के मुकाबले 2007-08 में 19.44 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गयी । गैर-कर राजस्व का प्रमुख अवयव ऊर्जा की बिक्री था जिसकी कुल राशि 563.24 करोड़ रुपये थी जो कि कुल गैर-कर राजस्व का 53.36 प्रतिशत था।

परिषद् का व्यय 33.58 प्रतिशत बढ़ा है जो वर्ष 2006-07 में रुपये 1017.69 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 1359.46 करोड़ रुपये हो गया है । राजस्व व्यय 2006-07 में 937.60 करोड़ रुपये से बढ़कर 2007-08 में 1195.31 करोड़ रुपये हो गया है। न.दि.न.पा.परिषद् के निर्माण कार्यों में हुआ पूँजीगत व्यय वर्ष 2006-07 में 73.21 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 155.25 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें जमा कार्य सम्मिलित नहीं हैं और यह पिछले वर्ष की तुलना में 112.06 प्रतिशत बढ़ा है। राजस्व व्यय पिछले वर्ष से 27.46 प्रतिशत बढ़ा है । वर्ष 2006-07 में हुए व्यय की तुलना में वर्ष 2007-08 में सामान्य सेवाओं में 61.38 प्रतिशत, सामाजिक व विकास सेवाओं में 30.53 प्रतिशत तथा आर्थिक सेवाओं में 28.23 प्रतिशत राजस्व व्यय की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2007-08 के दौरान, राजस्व प्राप्ति बजट अनुमान 1162.91 करोड़ रुपये की तुलना में वास्तविक प्राप्तियाँ 1359.17 करोड़ रुपये थी। अनुमानित स्तर पर वास्तविक एवं संशोधित अनुमान के मध्य अन्तर केवल 12.57 करोड़ रुपये था, छः मामलों में 0.11 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में शून्य प्राप्ति हुई। 35 अन्य मामलों में संशोधित अनुमान की तुलना में प्राप्तियों की कमी 1.37 प्रतिशत से 99.50 प्रतिशत के बीच रही। दूसरी और 29 मामलों में वास्तविक प्राप्तियाँ, संशोधित अनुमानों की तुलना में 1.44 प्रतिशत से 2314.00 प्रतिशत तक अधिक रहीं।

वर्ष 2006-07 तक वास्तविक व्यय संशोधित अनुमानों से लगातार कम रहा । परन्तु 2007-08 के दौरान संशोधित अनुमान से 1.10 प्रतिशत व्यय अधिक रहा । 102 लेखा शीर्षों में बजट प्रावधान से व्यय अधिक था। व्यय का आधिक्य संशोधित अनुमान की तुलना में 0.88 प्रतिशत से 264605.00 प्रतिशत के मध्य था। 65 लेखा शीर्षों के अन्तर्गत संशोधित बजट अनुमान में प्रावधान के बिना व्यय किया गया था। 131 मामलों में संशोधित अनुमानों का उपयोग ही नहीं किया गया था । 114 लेखा शीर्षों के अन्तर्गत बजट अनुमानों में बचत की सीमा 50 प्रतिशत और 99.83 प्रतिशत के मध्य थी।

योजना व्यय के आठ लेखा शीर्षों के अन्तर्गत 2.99 प्रतिशत से 99.30 प्रतिशत की बड़ी बचत हुई। एक मामले में संशोधित अनुमानित 5.00 लाख रुपये की राशि का उपयोग नहीं हुआ।

वित्तीय वर्ष 2007-08 के प्रारम्भ में विविध अग्रिम शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेष 21.30 करोड़ रुपये था । वर्ष के दौरान 56.46 करोड़ रुपये की अतिरिक्त अग्रिम राशि स्वीकृत हुई जबकि 6.18 करोड़ रुपये की राशि समंजित हुई और वर्ष के अंत में 71.58 करोड़ रुपये की राशि बकाया शेष रही।

(पैराग्राफ-1)

लेखा विभाग

अधिक्य निधि के निवेश पर 94.27 लाख रुपये के ब्याज की हानि

अधिक्य निधि के निवेश के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक पखवाड़े में निवेश समिति द्वारा हर महीने की 15 और 30 तारीख को नकद राशि के अंतः प्रवाह और बाह्य प्रवाह की प्रत्याशा में निवेश योग्य अधिशेष निधि निकालनी चाहिए। वर्ष 2006-07 और वर्ष 2007-08 के निवेश विभाग के लेखा-परीक्षा के दौरान पता चला कि कुछ मामलों में निवेश समिति की बैठक तुरन्त आयोजित नहीं हुई जिस कारण अधिशेष निधि के निवेश में बेवजह विलम्ब के फलस्वरूप 77.14 लाख रुपये के ब्याज की हानि हुई । पुनः यह बात भी सामने आयी कि निवेश उप-समिति की 16 मई 2006 से 31 मई 2006 और 1 सितम्बर 2006 से 15 सितम्बर 2006 के पखवाड़े में बैठक नहीं हुई जिससे 17.13 लाख रुपये ब्याज की हानि हुई।

(पैराग्राफ 2.1)

वर्तमान ब्याज की मुख्य दरों पर निधियों के सूचिबद्ध न होने के कारण ब्याज की हानि

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने दिसम्बर 2003 से अक्टूबर 2005 के दौरान 5.25 प्रतिशत से 5.75 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज के साथ स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के साथ निवेश किया । स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ने नवम्बर 2005 में हुए निवेश हेतु 6.85 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज दर की पेशकश की । यद्यपि निवेश के समयपूर्व नकदीकरण की सुविधा 0.5 प्रतिशत की दर पर जुर्माने की कटौती के उपरांत उपलब्ध थी, विभाग ने अपने निवेश को पुनः अनुसूचित नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप 380.52 लाख रुपये के ब्याज की कम प्राप्ति हुई ।

(पैराग्राफ 2.2)

सिविल इंजीनीयरिंग विभाग

निर्धारित सीमा के पश्चात् प्रतिस्थापन धारा का प्रयोग करते हुए सामान क्रय करने में अनियमितता

भंडार (सिविल) प्रभाग द्वारा किए गए करार के विचलन क्लॉज के अनुसार, समान दरों पर करार में दी गई मूल मात्रा के अतिरिक्त आपूर्तिकर्ताओं से मात्र 20 प्रतिशत अतिरिक्त मात्रा ही प्राप्त हो सकती है। यद्यपि 26.92 प्रतिशत से 112.5 प्रतिशत तक, विभाग द्वारा उपलब्ध सामग्री की अतिरिक्त मात्रा लेने से करार में दी गई उच्चतम सीमा का उल्लंघन हुआ है, जो आवश्यकता का गलत अनुमान इंगित करता है।

(पैराग्राफ 3.1)

वाणिज्यिक विभाग

अधिकतम मॉग सूचक सरचार्ज की वसूली न होने के कारण 1.03 करोड़ रुपये की हानि

अक्टूबर 2004 के परिषद् के प्रस्ताव के अनुसार, दो भाग दर पद्धति लागू करने के लिए विद्युत के थोक उपभोक्ताओं के मामले में, स्वीकृत लोड अधिक मॉग के बराबर होगा जैसाकि अधिकतम माँग सूचक (एमडीआई) द्वारा बताया गया है यदि अधिकतम मांग अनुबन्ध मांग से 5 प्रतिशत से अधिक होती है तो 30 प्रतिशत का सरचार्ज कुल मांग पर वसूला जाएगा जिसमें ऐसे बिलिंग चक्र हेतु ऊर्जा प्रभार सम्मिलित है । रिकार्डो की जांच से पता चला कि 34 मामलों में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को एम.डी.आई. सरचार्ज की वसूली न होने के कारण 1.03 करोड़ रुपये की हानि हुई ।

(पैराग्राफ 4.1)

विद्युत प्रभारों के बकायों की वसूली न होना

बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं से विद्युत प्रभारों की वसूली में विभाग की असफलता के परिणामस्वरूप मार्च 2002 में 70.70 करोड़ रुपये से 31 मार्च 2008 तक 103.93 करोड़ रुपये की बकाया राशि का संग्रहण हो गया।

(पैराग्राफ 4.2)

विद्युत विभाग

खराब ट्रांसफार्मरों का निपटान न होना

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के विद्युत विभाग के रखरखाव दक्षिण प्रभाग में 45 अनुपयोगी/जले हुए ट्रान्सफारर्मर पड़े हैं । इनमें से, 22 ट्रान्सफार्मरों का निपटान हेतु निरीक्षण किया गया तथा आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया । तथापि, इन ट्रान्सफार्मरों का आरक्षित मूल्य निर्धारित करने के 22 से 25 मास के बाद भी निपटान नहीं किया गया । शेष 23 ट्रान्सफार्मरों का आरक्षित मूल्य निर्धारित नहीं किया गया तथा वर्ष 1980 से 2007 से अनुपयोगी/जले हुए पड़े थे।

(पैराग्राफ 5.1)

प्रवर्तन विभाग

टैक्सी बूथों, पीसीओ बूथों, तहबाजारी तथा स्टालों के आवंटियों से लाइसेंस शुल्क के बकायों की वसूली न होना

टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, तहबाजारी तथा स्टालों के आवंटियों से लाइसैंस शुल्क वसूली में पर्याप्त कार्रवाई नहीं की गई । परिणामस्वरूप, मार्च 2008 तक टैक्सी बूथो, पी.सी.ओ. बूथों, तहबाजारी तथा स्टालों के लाइसैंसियों के विरूद्ध 60.16 लाख रुपये की लाइसैंस शुल्क राशि का बकाया था ।

(पैराग्राफ 6.1)

सम्पदा विभाग

व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आबंटियों से लाइसैंस शुल्क के बकायों की वसूली न होना

व्यवसायी इकाइयों के पूर्व आवंटियों से लाइसैंस शुल्क के बकायों की वसूली हेतु पर्याप्त प्रयास करने में विभाग के असमर्थ रहने के परिणामस्वरूप 390 पार्टियों से 121.87 करोड़ रुपये की वसूली उनके परिसर को खाली करने के पश्चात् भी नहीं हुई।

(पैराग्राफ 7.1)

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

वार्षिक रखरखाव अनुबंध सौंपने से पूर्व काफी संख्या में कम्प्यूटरों/पेरिफेरियल्स संबंधित उपकरणों के आंकडों का मिलान न करना

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने 29.37 लाख रुपये की लागत पर एक वर्ष हेतु मार्च 2007 में एक फर्म को 1212 कम्प्यूटर तथा पेरिफेरियल्स हेतु ए.एम.सी. सौंपा । कार्य सौंपने के पश्चात्, फर्म ने पाया कि ए.एम.सी में सौंपे गए 1212 उपकरणों में से 377 उपकरण नदारद थे । विभाग ने विस्तृत जांच किए बिना तथा उपकरणों की संख्या के मिलान के बिना, फर्म द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर 18.80 लाख रुपये की ए.एम.सी की लागत संशोधित की। इसके अलावा न.दि.न.पा.परिषद् द्वारा सभी उपकरणों के प्रत्यक्ष सत्यापन की कमी के कारण उपकरणों की कमी की सम्भावना को भी नकारा नहीं जा सकता है।

(पैराग्राफ 8.1)

कर विभाग

सम्पत्ति कर के बकायों की वसूली न होना

दोषी पार्टियों से सम्पत्ति कर की वसूली हेतु प्रभावी प्रयास नही किए गए । परिणामस्वरूप, सम्पत्ति कर के बकाया तथा पैनल्टी मार्च 2008 तक 6172 पार्टियों से 675.60 करोड़ रुपये राशि के बकाया की वसूली नहीं की जा सकी।

(पैराग्राफ 9.1)

संस्थाओं से सम्पत्ति कर की वसूली न होना

पूर्व में ऑडिट द्वारा इंगित करने के बावजूद दोषी संस्थानों से सम्पत्ति कर की वसूली करने हेतु पर्याप्त कार्रवाई नहीं की गई । परिणामस्वरूप, 31 मार्च 2008 तक संस्थानों के विरूद्ध 9.09 करोड़ रुपये के सम्पत्ति कर के बकाया संचित थे।

(पैराग्राफ 9.2)

वित्त
एवं
लेखा

अध्याय I : नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के लेखे

1.1 प्रस्तावना

यह अध्याय नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है जो वर्ष 2007-08 के लिये परिषद् के लेखों में दी गई सूचना के विश्लेषण पर आधारित है । यह विश्लेषण परिषद् की प्राप्तियों एवं व्यय के रूझान और वित्तीय प्रबंधन पर आधारित है।

1.2 परिषद् की वित्तीय स्थिति

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम 1994 की धारा 58 के अनुसार परिषद् के लेखे तैयार किये जाते हैं। लेखे तैयार करने की प्रक्रिया पंजाब पालिका अधिनियम, 1911 में निर्धारित प्रारूप के अनुसार है । तद्नुसार प्रपत्र जी-4 में तैयार किये गये लेखे बजट/संशोधित अनुमानों के अनुरूप राजस्व और व्यय के विवरण शीर्षानुसार दर्शाते हैं । वर्तमान प्रक्रिया में, लेखे में परिसम्पत्तियों और देयता का विवरण प्रस्तुत करने की कोई व्यवस्था नहीं है । परिणामस्वरूप 31 मार्च 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष की परिसम्पत्तियों एवं देयता की स्थिति को दर्शाता विवरण वार्षिक लेखे के साथ ऑडिट को प्रस्तुत नहीं किया गया यद्यपि ऑडिट ने अपनी पूर्व रिपोर्टों में भी ऐसे विवरणों की आवश्यकता के संबंध में इंगित किया है। यद्यपि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् एकल प्रविष्टि पद्धति से दोहरी प्रविष्टि पद्धति में लेखों को परिवर्तित कर रही है । वर्ष 2007-08 तक के परिवर्तित लेखे अलग से तैयार किए गए हैं।

परिषद् की वित्तीय स्थिति मुख्यत: नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम 1994 की धारा 44 के अन्तर्गत परिषद् द्वारा पोषित नई दिल्ली नगरपालिका निधि से प्रतिबिम्बित होती है । सभी प्राप्तियों और व्ययों को इस निधि के अधीन लेखांकित किया जाता है । वर्ष 2007-08 के दौरान, 60.13 करोड़ रुपये का आधिक्य था जिससे 31 मार्च 2008 को समापन शेष 91.74 करोड़ रुपये हो गया ।

3 निधि के स्रोत एवं उसका व्यय

निधि के मुख्य स्रोत में परिषद् के राजस्व की प्राप्ति सम्मिलित है । इनका विस्तृत रूप से उपयोग राजस्व एवं पूंजी व्यय पर होता है । वर्ष 2006-07 में वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ 1125.00 करोड़ रुपये से बढ़कर 2007-08 में 20.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुये 1359.17 करोड़ रुपये हो गई।

वर्ष 2006-07 में 937.60 करोड़ रुपये का राजस्व व्यय बढ़कर वर्ष 2007-08 में 1195.31 करोड़ रुपये हो गया । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् से संबंधित कार्यों पर, जमा कार्यों को छोड़कर, पूंजी व्यय वर्ष 2006-07 में 73.21 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 155.25 करोड़ रुपये हो गया।

1.4 नई दिल्ली नगरपालिका निधि

अधिनियम की धारा 44 के अनुसार "नई दिल्ली नगरपालिका निधि" के नाम से जानी जाने वाली निधि का रखरखाव परिषद् द्वारा किया जाता है । परिषद् द्वारा या परिषद् के नाम पर किसी भी स्रोत से प्राप्त होने वाली राशि नई दिल्ली नगरपालिका निधि का हिस्सा मानी जाती है । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम 1994 के प्रावधानों के अनुसार परिषद् की ओर से व्यय इस निधि में से किये जाते हैं । वर्ष 2007-08 के लिए इस निधि के अंतर्गत कुल प्राप्तियाँ एवं व्यय निम्न प्रकार थी:

तालिका 1.1 : नई दिल्ली नगरपालिका निधि

(रुपये करोड़ में)

	2007-08	2006-07
1 अप्रैल को अथशेष (ओपनिंग बैलेंस)	31.61	82.35
जमा वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ	4385.57	1971.18
योग	**4417.18**	**2053.53**
		2021.92
वर्ष के दौरान निवल आधिक्य (+)/घटा (-)	60.13	(-)50.74
31 मार्च को समापन शेष	**91.74**	**31.61**

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2007-08 में 60.13 करोड़ रुपये का आधिक्य था । वर्ष 2007-08 की समाप्ति पर जी-4 विवरण पर आधारित समापन शेष 91.74 करोड़ रुपये था।

4385.57 करोड़ रुपये की प्राप्तियों में, 1359.74 करोड़ रुपये की कुल साधारण प्राप्तियाँ (बजट में व्यवस्थित), 35.02 करोड़ रुपये की जमा निधि, 2990.81 करोड़ रुपये की आरक्षित निधि/सामान्य निधि निवेश तथा शून्य रुपये की निलम्बित (संस्पेस) एवं प्रेषित धनराशि सम्मिलित थी । निवेश पर ब्याज के रूप में कुल 309.45 करोड़ रुपये प्राप्त हुये।

4325.44 करोड़ रुपये के व्यय में 1359.46 करोड़ रुपये का कुल साधारण व्यय, 2915.20 करोड़ रुपये की आरक्षित निधि तथा 50.78 करोड़ रुपये की निलम्बित स्टाक एवं अग्रिम राशि सम्मिलित थी ।

1.5 राजस्व प्राप्तियाँ

1.5.1 राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की राजस्व प्राप्तियों में, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से सहायता अनुदान के अतिरिक्त, मुख्यतः कर एवं गैर-कर राजस्व सम्मिलित हैं । पिछले पाँच वर्षों के दौरान सहायता अनुदान सहित राजस्व प्राप्तियों का रूझान निम्न प्रकार था:

तालिका 1.2 : राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ	पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (-)
2007-08	**1359.17**	**(+) 20.82**
2006-07	1125.00	(+)7.17
2005-06	1049.71	(-)2.62
2004-05	1077.91	(+)25.05
2003-04	861.97	(-)2.28



पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 2007-08 में 20.82 प्रतिशत राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि, गृहकर (22.97 प्रतिशत), कर का निर्धारित हिस्सा (20.51 प्रतिशत), विज्ञापन/प्रदर्शनी/थियेटर कर (364.17 प्रतिशत), अन्य कर (53.33 प्रतिशत), भवन संबंधित प्राप्तियाँ (5.27 प्रतिशत), शुल्क एवं जुर्माने (17.21 प्रतिशत), निवेश पर ब्याज (95.12 प्रतिशत), अग्रिमों पर ब्याज (2.24 प्रतिशत), विद्युत (2.70 प्रतिशत), जल की बिक्री (6.42 प्रतिशत), अन्य नगरपालिका कार्य (5.03 प्रतिशत), अनुदान सहायता योजना (224.25 प्रतिशत), अनुदान सहायता गैर-योजना (20.10 प्रतिशत) तथा विधानसभा सदस्य निर्वाचन निधि (60.87 प्रतिशत), में वृद्धि के कारण हुई जबकि सम्पत्ति के हस्तांतरण पर शुल्क (47.16 प्रतिशत), प्रशासनिक विभाग प्राप्तियाँ (27.86 प्रतिशत), समाज सेवा प्राप्तियाँ (2.88 प्रतिशत) तथा जमा कार्य (8.41 प्रतिशत) के अन्तर्गत अनुलग्नक-I में दिए गए विवरणानुसार प्राप्तियों में कमी हुई ।

1.5.2 राजस्व प्राप्तियों के संघटक

राजस्व प्राप्तियों के प्रमुख घटक कर एवं गैर-कर राजस्व तथा सहायता अनुदान हैं । पिछले पाँच वर्षों के दौरान राजस्व प्राप्तियों के घटकों का विवरण निम्न प्रकार से था:

तालिका 1.3: राजस्व प्राप्ति के संघटक

(रुपये करोड़ में)

संघटक	2007-08	2006-07	2005-06	2004-05	2003-04
कर राजस्व	223.10 (16.41)	196.47 (17.47)	173.07 (16.49)	172.27 (15.98)	142.31 (16.51)
गैर-कर राजस्व	1055.52 (77.66)	883.73 (78.55)	842.59 (80.27)	860.85 (79.86)	690.49 (80.11)
दिल्ली/केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान	80.55 (5.93)	44.80 (3.98)	34.05 (3.24)	44.79 (4.16)	29.17 (3.38)
कुल	**1359.17 (100.00)**	**1125.00 (100.00)**	**1049.71 (100.00)**	**1077.91 (100.00)**	**861.97 (100.00)**

- **कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल प्राप्तियों से प्रतिशतता दर्शाते हैं।**



गैर-कर राजस्व, राजस्व प्राप्तियों का प्रमुख घटक बना रहा । लेकिन, कुल राजस्व प्राप्ति की प्रतिशतता के अनुसार, गैर-कर राजस्व वर्ष 2003-04 में 80.11 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2007-08 में 77.66 प्रतिशत रह गया । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार/केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान जो कि कुल राजस्व का बहुत ही छोटा हिस्सा है, वर्ष 2003-04 में 3.38 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 5.93 प्रतिशत हो गया । जबकि इसी अवधि के दौरान कर राजस्व का हिस्सा वर्ष 2003-04 में 16.51 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2007-08 में 16.41 प्रतिशत हो गया ।

1.6 कर राजस्व

1.6.1 कर राजस्व में वृद्धि

परिषद् के कर राजस्व में गृहकर, सम्पति के हस्तातंरण पर शुल्क, विज्ञापन कर आदि सम्मिलित हैं । वर्ष 2003-04 से 2007-08 तक कर राजस्व में वृद्धि का रूझान निम्न प्रकार था :

तालिका 1.4 : कर राजस्व में वृद्धि

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	वास्तविक कर राजस्व	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि	कुल राजस्व प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में कर राजस्व
2007-08	**223.10**	**13.55**	**16.41**
2006-07	196.47	13.52	17.47
2005-06	173.07	0.46	16.48
2004-05	172.27	21.05	15.98
2003-04	142.31	(-)1.66	16.51

पिछले चार वर्षों में कर राजस्व में लगातार वृद्धि का रूझान रहा है । वर्ष 2007-08 में कर राजस्व की प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 13.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई । कर राजस्व के अधीन प्राप्तियाँ वर्ष 2003-04 में 142.31 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 223.10 करोड़ रुपये हो गई । पिछले पॉच वर्षों के दौरान कर राजस्व में वृद्धि की दर (-) 1.66 प्रतिशत तथा 21.05 प्रतिशत के बीच घटती बढ़ती रही है ।

1.6.2 कर राजस्व के संघटक

पिछले पांच वर्षों के दौरान कर राजस्व के विभिन्न संघटकों की वृद्धि का विवरण निम्न प्रकार से है :-

तालिका 1.5 : कर राजस्व के संघटक

(रुपये करोड़ में)

संघटक	2007-08	2006-07	2005-06	2004-05	2003-04
गृह कर	188.48 (84.48)	153.27 (78.01)	147.10 (84.99)	147.60 (85.68)	127.89 (89.87)
सम्पत्ति के हस्तांतरण पर शुल्क	13.69 (6.14)	25.90 (13.18)	13.15 (7.60)	13.28 (7.71)	7.94 (5.58)
विज्ञापन/प्रदर्शन कर	0.11 (0.05)	0.03 (0.02)	0.14 (0.08)	0.10 (0.06)	0.09 (0.06)
करों का निर्धारित हिस्सा	20.82 (9.33)	17.27 (8.79)	12.68 (7.33)	11.29 (6.55)	6.39 (4.49)
कुल	**223.10 (100.00)**	**196.47 (100.00)**	**173.07 (100.00)**	**172.27 (100.00)**	**142.31 (100.00)**

*** कोष्ठकों में दिये गये आंकड़ें कुल प्राप्तियों की प्रतिशतता दर्शाते हैं ।**



कर राजस्व का प्रमुख अंशदाता गृह कर बना रहा । वर्ष 2003-04 से 2007-08 के दौरान इस का हिस्सा कुल कर राजस्व का 78.01 प्रतिशत तथा 89.87 प्रतिशत के मध्य रहा । सम्पत्तियों के हस्तांतरण पर शुल्क के अन्तर्गत प्राप्तियों में वृद्धि वर्ष 2003-04 में 7.94 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 13.69 करोड़ रुपये हो गई । करों के निर्धारित हिस्सों की प्राप्तियों में वर्ष 2007-08 के दौरान पूर्णतः तथा सम्बन्धित, दोनों ही तौर पर वृद्धि हुई।

1.7 गैर-कर राजस्व

1.7.1 गैर-कर राजस्व में वृद्धि

वर्ष 2003-04 से 2007-08 के दौरान गैर-कर राजस्व में वृद्धि निम्न प्रकार थी:

तालिका 1.6 : गैर -कर राजस्व में वृद्धि

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	वास्तविक गैर-कर राजस्व	पूर्व वर्ष पर प्रतिशत वृद्धि (+) /कमी(-)	कुल राजस्व प्राप्तियों की प्रतिशतता
2007-08	**1055.52**	**(+)19.44**	**77.66**
2006-07	883.73	(+)4.88	78.55
2005-06	842.59	(-)2.12	80.27
2004-05	860.85	(+)24.67	79.86
2003-04	690.49	(-)3.24	80.11

वर्ष 2007-08 में परिषद् की कुल राजस्व प्राप्तियों का 77.66 प्रतिशत गैर-कर राजस्व रहा। वर्ष 2003-04 में इसका हिस्सा 80.11 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2007-08 में 77.66 प्रतिशत रह गया। पिछले पांच वर्षों में गैर-कर राजस्व की दर (-) 3.24 प्रतिशत एवं 24.67 प्रतिशत के बीच घटती-बढ़ती रही है। गैर कर राजस्व वर्ष 2006-07 में 883.73 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 1055.52 करोड़ रुपये हो गई अर्थात् वर्ष 2006-07 की तुलना में वर्ष 2007-08 में 19.44 प्रतिशत तक वृद्धि पंजीकृत हुई।

1.7.2 गैर-कर राजस्व का संयोजन

परिषद् के गैर-कर राजस्व में ऊर्जा/जल की बिक्री, किराया/लाइसेंस शुल्क, निवेशों पर ब्याज और अन्य विविध प्राप्तियाँ सम्मिलित है । गैर-कर राजस्व के विभिन्न संघटकों की वृद्धि प्रतिमान का विवरण निम्न प्रकार से है:

तालिका 1.7: गैर-कर राजस्व के संघटक

(रुपये करोड़ में)

घटक	2007-08	2006-07	2005-06	2004-05	2003-04
ऊर्जा की बिक्री	563.24 (53.36)	545.59 (61.74)	515.17 (61.14)	533.09 (62.03)	532.50 (77.12)
जल की बिक्री	21.36 (2.02)	20.07 (2.27)	23.50 (2.79)	14.32 (1.66)	15.00 (2.17)
किराया/लाइसेंस शुल्क एवं वाणिज्यिक कार्यकलापों से प्राप्तियाँ	135.57 (12.84)	129.06 (14.60)	124.58 (14.79)	110.76 (12.87)	97.77 (14.16)
शुल्क,जुर्माना और विविध प्राप्तियाँ	25.90 (2.46)	30.42 (3.44)	23.61 (2.80)	23.04 (2.68)	17.94 (2.60)
निवेश पर ब्याज	309.45 (29.32)	158.59 (17.95)	155.73 (18.48)	178.74 (20.76)	27.28 (3.95)
कुल	**1055.52 (100.00)**	**883.73 (100.00)**	**842.59 (100.00)**	**860.85 (100.00)**	**690.49 (100.00)**

*** कोष्ठकों में दिये गये आंकड़ें कुल प्राप्तियों की प्रतिशतता दर्शाते हैं ।**



गैर-कर राजस्व के प्रमुख स्रोतों में ऊर्जा की बिक्री, किराया/लाइसेंस शुल्क व अन्य वाणिज्यि कार्यकलापों तथा निवेश पर ब्याज से हुई प्राप्तियाँ थी। पिछले पांच वर्षो के दौरान, कुल गैर-कर राजस्व के हिस्से के रूप में ऊर्जा की बिक्री की प्राप्तियों में 53.36 प्रतिशत एवं 77.12 प्रतिशत के मध्य घट-बढ़ रही थी। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-कर-राजस्व में वृद्धि मुख्यत: ऊर्जा की बिक्री एवं निवेश पर ब्याज के कारण थी ।

1.8 सहायता अनुदान

परिषद् राष्टीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से सहायता अनुदान के रूप में सहायता प्राप्त करती है। पिछले पांच वर्षो के दौरान दिल्ली सरकार से प्राप्त सहायता का रूझान निम्न प्रकार से था:

तालिका 1.8 : सहायता अनुदान

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	सहायता अनुदान	कुल प्राप्तियों की प्रतिशतता
2007-08	**80.55**	**5.93**
2006-07	44.80	3.98
2005-06	34.05	4.04
2004-05	44.79	4.16
2003-04	29.17	3.38



राष्टीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से अनुदान वर्ष 2003-04 में 29.17 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 80.55 करोड़ रुपये हो गया था । कुल प्राप्तियों के अनुपात में यह वर्ष 2003-04 में 3.38 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 5.93 प्रतिशत हो गया । परिषद् ने राष्टीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार से वर्ष 2003-04 से 2007-08 के दौरान कोई ऋण नहीं लिया।

1.8.1 पिछले वर्ष के सहायता अनुदान का समायोजन न करना

वित्तीय वर्ष 2006-07 के अंत में कुछ योजनाओं की अनुदान सहायता राशि बिना व्यय किये शेष पड़ी थी । सामान्यतः आगामी राशि के भुगतान से पूर्व पिछले वर्ष की व्यय न की गई शेष राशि को खाते में जोड़ना आवश्यक होता है। अनुदान-सहायता के खर्च न हुए शेष के समंजन न होने के कारण, अनुदान का अधिकता में देना खारिज़ नही किया जा सकता। आडिट जॉच से पता चला है कि पाँच योजनाओं पर व्यय नहीं की गई शेष राशि का समायोजन किये बिना 2007-08 के लिए सहायता अनुदान जारी किया गया। इनका विवरण निम्न प्रकार से हैं :

तालिका 1.9 : अनुदान सहायता का समायोजना न करना

(रुपये लाख में)

क्र.सं.	योजना	01.4.2007 को व्यय न की गई शेष राशि
1	नाला ढकना व बाढ़ निरोध (योजना)	42.67
2	मध्यान्ह भोजन (गैर-योजना)	64.39
3	मध्यान्ह भोजन (योजना)	33.06
4	एम.एल.ए. निधि	350.79
5	सांख्यिकीय इकाई	1.25

1.8.2 सहायता अनुदान की अधिक प्राप्ति/अनोपयोग

चार योजनाओं में, रा.रा. क्षेत्र, दिल्ली सरकार से वर्ष 2007-08 के दौरान प्राप्त अनुदान सहायता विशेष रूप में शेष/ अनोपयोगी रही। विवरण नीचे दिया गया है:-

तालिका 1.10 : सहायता अनुदान का अधिक/गैर उपयोगिता

(रुपये लाख में)

क्र.सं.	योजना का नाम	वर्ष 2007-08 के दौरान स्वीकृत राशि	उपयोगी राशि	दिनांक 31.3.08 को बिना खर्च बकाया	वर्ष 2007-08 के दौरान अधिक उपयोगी
1	राष्ट्रमंडल खेल परियोजना	700.00	179.61	520.39	-
2 ए	जन-स्वास्थ्य-एंटी मलेरिया	40.00	48.77	-	8.77

2 बी	जन-स्वास्थ्य-शिक्षा	20.00	12.12	7.88	-
2 सी	जन-स्वास्थ्य-एपीडेमियोलॉजी इकाई	15.00	9.02	5.98	-
3	पोषण (मध्याह्न भोजन)	70.00	36.92	33.08	-
4	विधायक निधि कोष				
	(i) गोल मार्किट निर्वाचन क्षेत्र	199.10	304.74	-	105.64
	(ii) सरोजिनी नगर निर्वाचन क्षेत्र	285.69	165.12	120.57	-
	(iii) मिंटो रोड निर्वाचन क्षेत्र	15.00	20.02	-	5.02

सहायता अनुदान का अधिक/गैर उपयोगिता हेतु कारण रिकार्ड में उपलब्ध नहीं थे।

1.9 राजस्व प्राप्तियों के बकाया

यद्यपि लेखे में गृहकर का बकाया उपलब्ध था परंतु वर्ष अनुसार बकाया को इंगित नहीं किया गया था । इस संबंध में आडिट रिपोर्ट में पूर्व में भी इंगित किया गया था परन्तु विभाग द्वारा सुधारात्मक उपाय अभी उठाये जाने हैं। बकायों की वसूली के बेहतर निरीक्षण हेतु बकायों के वर्ष वार विवरण बनाना अपेक्षित है, ताकि प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

1.10 व्यय

1.10.1 व्यय का रूझान

इस रिपोर्ट में, कुल व्यय में राजस्व एवं पूंजी व्यय, बाह्य सहायता और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् कर्मचारियों को ऋण प्रदान करने सहित सभी व्यय सम्मिलित किये गये हैं। परिषद् ने वर्ष 2007-08 में कुल 1359.46 करोड़ रुपये व्यय किये । वर्ष 2003-04 से 2007-08 के दौरान व्यय का रूझान निम्न प्रकार से था :

तालिका 1.11 : व्यय का रूझान

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	राजस्व व्यय	पूंजीगत व्यय		दिल्ली सरकार/ बाह्य सहायता के रूप में प्राप्त ऋणों की अदायगी	न.दि.न.पा.प. कर्मचारियों को ऋणों का भुगतान	कुल
		न.दि.न.पा. परिषद् के कार्य	जमा कार्य			
2007-08	**1195.11**	**155.25**	**8.46**	**0.20**	**0.44**	**1359.46**
2006-07	937.60	73.21	6.36	शून्य	0.52	1017.69
2005-06	928.89	34.86	6.24	0.33	0.59	970.91
2004-05	899.20	27.10	5.74	33.83	0.62	966.49
2003-04	738.10	48.99	6.11	7.34	0.94	801.48



1. वर्ष 2003-04 में 801.48 करोड़ रुपये का कुल व्यय बढ़कर वर्ष 2007-08 में 1359.46 करोड़ रुपये हो गया । पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2007-08 के दौरान व्यय 33.58 प्रतिशत बढ़ गया ।

2. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् से संबंधित कार्यों पर पूंजीगत व्यय वर्ष 2003-04 में 48.99 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 155.25 करोड़ रुपये हो गया तथा पिछले वर्ष की तुलना में यह 112.06 प्रतिशत तक बढ़ गया । पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व व्यय में 27.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

1.10.2 पिछले पांच वर्षों के दौरान क्षेत्रवार किया गया व्यय

तालिका 1.12 पिछले पॉच वर्षों में सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं पर हुये व्यय को दर्शाती है :

तालिका 1.12 : क्षेत्रवार व्यय

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	क्षेत्र	2007-08	2006-07	2005-06	2004-05	2003-04
1	सामान्य सेवायें	244.03 (17.95)	151.03 (14.84)	187.68 (19.53)	231.58 (23.96)	145.52 (18.16)
2	सामाजिक एवं विकास सेवायें	235.55 (17.33)	180.46 (17.73)	154.80 (15.95)	148.69 (15.38)	136.24 (17.00)
3	आर्थिक सेवायें	879.88 (64.72)	686.20 (67.43)	628.10 (64.69)	552.39 (57.16)	512.38 (63.93)
4	ऋणों की अदायगी/बिना खर्च हुए शेष धन की वापसी	शून्य	शून्य	00.33 (0.03)	33.83 (3.50)	7.34 (0.91)
		1359.46 (100.00)	**1017.69 (100.00)**	**970.91 (100.00)**	**966.49 (100.00)**	**801.48 (100.00)**

*** कोष्ठकों में दर्शाये गये आंकड़े कुल व्यय के संबंध में प्रतिशतता इंगित करते हैं।**



सामान्य सेवाओं के घटक वर्ष 2003-04 से वर्ष 2007-08 के दौरान घट-बढ़ का रूझान दर्शाते हैं । सामाजिक एवं विकास सेवाओं पर व्यय वर्ष 2003-04 में 17.00 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 17.33 प्रतिशत हो गया । अर्थिक सेवाओं पर व्यय वर्ष 2003-04 में 63.93 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2007-08 में 64.72 प्रतिशत हो गया । लेकिन, पूर्व वर्ष 2006-07 के दौरान खर्च हुए व्यय की तुलना में वर्ष 2007-08 के दौरान सामाजिक एवं विकास सेवाओं पर (30.53 प्रतिशत), आर्थिक सेवाओ पर (28.23 प्रतिशत) वृद्धि एवं सामान्य सेवाओं पर (61.58 प्रतिशत) व्यय में वृद्धि हुई।

1.11 गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता

परिषद् गैर-सरकारी संगठनों/विद्यालयों आदि को सहायता अनुदान प्रदान करती है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् पिछले पांच वर्षों में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों/विद्यालयों को प्रदान की गई सहायता अनुदान की राशि का विवरण निम्न प्रकार से था:

तालिका 1.13: परिषद् द्वारा सहायता अनुदान

(रुपये लाख में)

क्र. स.	संस्था का नाम	2007-08	2006-07	2005-06	2004-05	2003-04
1.	नवयुग विद्यालय समिति	709.68	1010.84	824.54	800.00	716.95
2.	रघुमल आर्य कन्या प्राथमिक विद्यालय सं0-II	14.39	23.51	30.32	25.18	14.29
3.	निर्मल प्राथमिक विद्यालय कोटा हाउस	35.97	25.88	16.60	26.00	12.73
4.	रघुमल कन्या प्राथमिक विद्यालय सं0- I	27.54	40.34	13.90	14.85	25.13

5.	खालसा बाल प्राथमिक विद्यालय	0.34	-	8.49	13.00	5.71
6.	सामाजिक एवं सास्कृतिक संस्था/गैर सरकारी संस्थान	9.03	5.50	2.40	3.80	7.45
7.	समाज कल्याण समिति	98.27	100.43	0.32	1.58	0.88
8.	पालिका सेवा अधिकारी संस्थान	-	17.71	-	-	-
	कुल	**895.22**	**1224.21**	**896.57**	**884.41**	**783.14**

सहायता अनुदान की राशि वर्ष 2006-07 में 1224.21 लाख रुपये से घटकर वर्ष 2007-08 में 895.22 लाख रुपये हो गई।

जी.एफ.आर. के नियम 212 के अन्तर्गत, विभाग को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद 12 मास के भीतर संबंधित संस्थान से अनुदान की राशि का उपयोग करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अपेक्षित था । चालू वर्ष के साथ-साथ पूर्व वर्षों के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा जारी अनुदान के संबंध में विभाग ने उपयोग करने का कोई प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया।

1.12 आधिक्य एवं आरक्षित निधि

नई दिल्ली नगरपालिका अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत विशेष निधि सृजित करने का प्रावधान है । परिषद् ऐसी कई निधियों का रखरखाव कर रही है, जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:

तालिका 1.14: आधिक्य एवं आरक्षित निधि

(रुपये करोड़ में)

क्र. स.	निधि का नाम	1.4.2007 को अथशेष	2007-08 में वृद्धि	कुल	2007-08 के दौरान व्यय	31.3.2008 को शेष राशि
1	ह्रास आरक्षित निधि विद्युत	326.33	20.00	346.33	1.96	344.37
2	ह्रास आरक्षित निधि जल	230.39	10.00	240.39	1.22	239.17
3	ह्रास आरक्षित निधि भवन	324.63	20.00	344.63	-	344.63
4	ह्रास आरक्षित निधि पेंशन एवं उपदान	1047.81	180.00	1227.81	64.90	1162.91
5	करूणामूलक निधि, समाज कल्याण एवं सामान्य भविष्य निधि ब्याज सहित स्टाफ कल्याण निधि	8.35	6.02	14.37	5.39	8.98

6	आरक्षित निधि का विनियमन(विद्युत)	-	5.00	5.00	-	5.00
7	स्थानान्तरित मार्किट निधि	-	1.00	1.00	-	1.00
8	सामान्य निधि (भवन/मार्किट निधि	108.99	55.00	163.99	4.61	159.38
9	सामान्य आरक्षित निधि	(-)660.53	-	(-)660.53	-	(-)660.53
10	गृहकर/निवेश लेखा	(-)0.88	-	(-)0.88	-	(-)0.88

ऑडिट द्वारा निम्नलिखित टिप्पणियॉ की गई:

1. नई दिल्ली नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 54 के अनुसार विशेष निधि की संरचना एवं उससे किया जाने वाला व्यय विनियमों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जायेगा । परन्तु ऐसे कोई विनियम ऑडिट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये गये।

2. ह्रास आरक्षित निधि पेंशन तथा उपदान निधि शीर्षो के अन्तर्गत दिनांक 31.03.2008 को समापन शेष 1107.91 करोड़ रुपये था जबकि उपरोक्त विवरण के अनुसार, 1162.91 करोड़ रुपये दिखाए गए । इस प्रकार 55 करोड़ रुपये का अन्तर था । यह पुन: अवलोकित किया गया कि वर्ष 2007-08 के दौरान पेंशन एवं उपदान सहित आधिक्य एवं आरक्षित निधि में 297.02 करोड़ रुपये जोड़े गये । वर्ष के दौरान निधि में जोड़ने का आधार रिकार्ड में नहीं था । इसके अतिरिक्त इस वृद्धि में ब्याज भी सम्मिलित था।

3. गृह कर/निवेश लेखा शीर्ष के अन्तर्गत दिनांक 31.3.2007 को समापन शेष (-) 0.88 करोड़ रुपये था जबकि दिनॉक 1.4.2007 को कोई अथ शेष नहीं लिया गया था।

4. वार्षिक लेखों के जी-4 विवरण में दर्शाए गए ह्रास एवं अन्य आरक्षित निधि के वर्ष 2005-06, 2006-07 तथा 2007-08 के वास्तविक योग का बजट पुस्तिका 2007-08, 2008-09 एवं वर्ष 2009-10 में इन वर्षो के लिए क्रमश: दर्शाये गये वास्तविक योग से अन्तर था जैसाकि निम्न विवरण में दिया गया है :

तालिका 1.15: ह्रास एवं आरक्षित निधि

(रुपये करोड़ में)

बजट पुस्तिका	वर्ष के लिए वास्तविक	साधन एवं उपाय अनुमानों के विवरण-II में ह्रास एवं अन्य निधियों के शीर्ष के अनुसार आंकडे (बजट पुस्तिका)	ह्रास एवं अन्य निधियों की स्थिति (जी-4 वार्षिक लेखों के) विवरण-II ए-2 के अनुसार आंकडे	अंतर
2009-10	2007-08	2925.13	2210.44	714.69
2008-09	2006-07	2781.80	1991.50	790.30
2007-08	2005-06	2421.80	1796.53	625.27

यह अन्तर सामान्य निधि में निवेश के कारण हो सकता है।

1.13 व्यय को किसी खाते में न लेना

वर्ष 2007-08 के दौरान विविध अग्रिमों की स्थिति निम्न प्रकार थी :-

तालिका 1.16: विविध अग्रिम

(रुपये करोड़ में)

दिनांक 1.4.2007 को अथशेष	वर्ष के दौरान वृद्धि	वर्ष के दौरान किये गये संमजन	दिनांक 31.3.2008 को बकाया शेष
21.30	56.46	6.18	71.58

वित्तीय वर्ष 2007-08 के आरम्भ में विविध अग्रिमों के अन्तर्गत बकाया शेष 21.30 करोड़ रुपये था । वर्ष के दौरान, 56.46 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अग्रिम स्वीकृत किये गये थे जबकि वर्ष के अन्त तक केवल 6.18 करोड़ रुपये समंजित किए गए थे, जिससे वर्ष के अन्त में शेष बकाया 71.58 करोड़ रुपये था। विविध अग्रिम इतनी बड़ी राशि के रूप में स्वीकृत करने के कारण रिकार्ड में नहीं थे। जी.एफ.आर. 2005 के अनुसार नए अग्रिम केवल पूर्व में लिए गए अग्रिमों को समंजन के पश्चात् प्राप्त किये जा सकते हैं । इसके अतिरिक्त, अग्रिमों की अवधि न लेखा का हिस्सा थी और न ही विविध अग्रिमों तथा उनके समंजन हेतु कोई ब्राडशीट बनाई गई थी।

1.14 वार्षिक लेखों पर सामान्य टिप्पणियाँ

आडिट द्वारा लेखों की जॉच से यह ज्ञात हुआ है कि वर्तमान लेखा पद्धति में कुछ विसंगतियॉ/कमियॉ थी । इन्हें पहले भी वार्षिक आडिट रिपोर्ट तथा आन्तरिक आडिट रिपोर्ट में दिखाया गया था किन्तु विभाग ने इस संबंध में कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाये । विसंगतियॉ/कमियॉ निम्न प्रकार से हैं:

1. व्यय स्वीकृत बजट प्रावधान के अन्तर्गत होना चाहिए । किन्तु अनेक मामलों में वास्तविक व्यय बजट प्रावधान से अधिक हुआ है। संबंधित लेखा-शीर्ष में व्यय को नियंत्रित रखने की कार्यवाही हेतु रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। तद्नुसार, यह सुनिश्चित नहीं हो सका कि व्यय पर नियंत्रण करने के लिए कोई प्रक्रिया थी।

2. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ऊर्जा और जल की बिक्री, वाणिज्यिक दुकानों/ईकाइयों को किराये पर देना और खाद तैयार करना व बेचना जैसे वाणिज्यिक कार्यकलापों का संचालन करती है । इन वाणिज्यिक कार्यकलापों के संबंध में प्रोफार्मा लेखे तैयार नहीं किये गये थे और इस प्रकार इन कार्यकलापों से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को होने वाले लाभ या हानि का निर्धारण नहीं किया जा सका।

3. लेखों की वर्तमान पद्धति से वर्ष के प्रारंभ में वसूलनीय करों, शुल्कों अन्य राजस्व लाइसेंस शुल्क की बकाया राशि तथा वर्ष के दौरान समाप्त किये गये बकाया राशि प्रतिबिम्बित नहीं होती है । इस प्रकार नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को वर्षवार विघटित राशि के साथ ऐसे सभी शेष बकायों की वास्तविक मात्रा की जानकारी नहीं थी।

4. प्रत्येक वर्ष वार्षिक लेखों में विभिन्न निलम्बित शीर्षो के अंतर्गत अत्यधिक व्यय दिखायाा गया था, जिसे बाद में संमजित नहीं किया गया । वार्षिक लेखों में सस्पेंस लेखों के वर्षानुसार अथशेष, समापन शेष और निलम्बि (सस्पेंस) लेखों का निपटान नहीं दिखाया गया और इस प्रकार निलम्बन शीर्षो के अधीन दिखाए गए अत्यधिक व्यय एवं इसके समंजन को सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

5. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के वार्षिक लेखे विभिन्न ऋणों, जमा तथा प्रेषित शीर्षो के अथशेष एवं समापन शेष नहीं दर्शाते थे और इस प्रकार नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की सही और वास्तविक वित्तीय स्थिति प्रस्तुत नहीं करते हैं।

6. बैंक खाते में जमा करवाये गये चैकों, जिनकी राशि खाते में वित्तीय वर्ष में जमा नहीं हुई, का विवरण वार्षिक लेखे के साथ संलग्न नहीं किया गया था। इसी प्रकार वर्ष के दौरान परिषद् द्वारा जारी चैकों, जो बैंकों में भुगतान के लिये जमा नहीं करवाये गये, का विवरण भी वार्षिक लेखों के साथ संलग्न नहीं किया गया।

7. 'रोकड़ पुस्तिका' और 'बैंक खाते' के अनुसार अथशेष एवं समापन शेष बजट पुस्तिका 2009-10, में तथा इनमें यदि कोई विसंगति थी तो उस हेतु अपेक्षित वर्णनात्मक स्पष्टीकरण के साथ नहीं दर्शाया गया था।

8. सामान्य निधि से अग्रिमों को उदारता से बार-बार प्राप्त करने की अनुमति दी गई थी और यह सामान्यत: काफी लम्बे समय तक असंमजित रहे । अथशेष एवं समापन शेष तथा वर्ष में किये गये समंजन को दर्शाता विवरण वर्ष अनुसार स्थिति स्पष्ट नहीं करता था।

9. विभाग ने उपकर अधिनियम 1996, के अन्तर्गत उपकर प्रभार वसूल किए, जो कि निर्माण कर्मचारी कल्याण बोर्ड में 30 दिन के भीतर जमा/प्रेषित करना अपेक्षित था । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने निर्धारित अवधि के भीतर राशि जमा नहीं की । परिणामस्वरूप, प्राप्तियॉ उस सीमा से अधिक दिखाई गई।

10. लेखा नियमों के अनुसार माइनस एन्ट्री को अन्तिम लेखे में नहीं दर्शाया जाना चाहिए । यह पाया गया कि निम्न 14 लेखा शीर्षो में, विभाग ने जी-4 विवरण में माइनस एन्ट्रियॉ दर्शायी थी:

तालिका 1.17 : माइनस एन्ट्री

(राशि रुपये में)

क्र.सं.	लेखाशीर्ष	राशि
1	सी.15.5 सूचना एवं प्रौद्योगिकी : अन्य प्रभार	(-)9989
2	डी.1.20.1 न.दि.न.पा.परिषद् स्कूलों में योग शिक्षा का प्रारम्भन: वेतन एवं भत्ते	(-)91561
3	डी.2.17.11 (बी) 109 (22) विलिंग्डन क्रीसेंट पर एनपी 2 का प्रतिस्थापन एस डब्ल्यू पाइप के साथ आर.सी. पाइप बदलकर लगाना	(-) 92871
4	डी.2.19.7 मलेरिया रोधी: अन्य प्रभार	(-)377867
5	डी.5 (iii) पालिका पार्किंग : कार्यालय आकस्मिकताएँ	(-)990
6	ई .4.1.264 (25) सब स्टेशन अग्नि शमन पर उच्च दाब/निम्नदाब स्विचगीयर को बदलना एवं संवर्धन	(-)176550
7	ई.4.1.264 (28) सब स्टेशन नं. 3 पर उच्च दाब बोर्ड का संवर्धन	(-)37521
8	ई.4.1.264 (49) जोन-I क्षेत्र में निम्न दाब वितरण प्रणाली का संवर्धन	(-)2916756
9	ई.4.1.264 (56) जोन- I क्षेत्र में निम्न दाब वितरण प्रणाली का संवर्धन	(-)319617
10	ई.11 सामान का क्रय	(-) 24199212
11	जी.1.3.268 (27) टोडरमल रोड पर पैदलपथ का सुधार	(-)8181835
12	जी.1.3.268 (109) सड़क सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत सड़कों के समीप जल निकासी प्रणाली का सुधार	(-)7811
13	एच.1.21 अन्य नगरपालिका कार्य : यात्रा भत्ता	(-)3086
14	एच.2.8.ए.342 रूम कूलरों/डेजर्ट कूलरों को बदलना	(-)383173

1.15 बजट प्रायोजनाओं का विश्लेषण

बजट में तीन प्रकार के ऑकड़े प्रस्तुत किये जाते हैं: (क) पूर्व वर्ष के वास्तविक (ख) वर्तमान वर्ष के लिए संशोधित अनुमान और (ग) आगामी वित्तीय वर्ष के लिये बजट अनुमान । इस भाग में बजट प्रायोजनाओं के संदर्भ में परिषद् के विभिन्न वित्तीय घटकों में अन्तर पर विचार-विमर्श किया गया है।

1.15.1 अनुमान की तुलना में वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ

पिछले पांच वर्षों के दौरान राजस्व की वास्तविक प्राप्तियों एवं बजट अनुमान का विवरण निम्न प्रकार से था :

तालिका 1.18 : अनुमान की तुलना में वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक राजस्व प्राप्तियाँ	बजट अनुमान पर वास्तविक राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि (+)/कमी (-)	बजट अनुमान पर अधिक (+)/ कमी (-) प्रतिशतता
2007-08	**1162.91**	**1346.60**	**1359.17**	**(+)196.26**	**(+)16.88**
2006-07	1061.79	1120.03	1125.00	(+)63.21	(+)05.95
2005-06	1035.50	1030.83	1049.71	(+) 14.21	(+) 01.37
2004-05	997.54	1060.86	1077.91	(+) 80.37	(+) 08.06
2003-04	885.13	884.99	861.97	(-) 23.16	(-) 02.62

वर्ष 2007-08 के दौरान राजस्व प्राप्तियाँ बजट अनुमान से 196.26 करोड़ रुपये अधिक थी। परंतु वर्ष 2007-08 के संशोधित अनुमान के संदर्भ में 12.57 करोड़ रुपये अधिक थी।

वास्तविक प्राप्तियों एवं संशोधित अनुमानों की शीर्षानुसार विस्तृत तुलना करने से निम्न प्रकार ज्ञात हुआ:

(क) लेखे के निम्न 6 लेखा शीर्षों के अन्तर्गत 11.05 लाख रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में प्राप्तियाँ शून्य रही :

तालिका 1.19 : शून्य प्राप्तियाँ

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	लेखा शीर्ष	विवरण	बजट अनुमान 2007-08	संशोधित अनुमान 2007-08	वास्तविक 2007-08
1	ए-IV	थियेटर एवं प्रदर्शन कर	-	2.00	शून्य
2	ए-VIII(5)	अस्तबल गौशाला लाइसेंस	0.60	0.60	शून्य
3	ए-VIII (6)	खतरनाक एवं आयुध व्यापार लाइसेंस	0.30	0.30	शून्य
4	डी-VI	पशुबाड़ा	0.50	0.10	शून्य
5	एच-xii	पटरियाँ	-	7.05	शून्य
6	एच-(xx)	अग्निशमन उपकरण	1.00	1.00	शून्य
		कुल	**2.40**	**11.05**	**शून्य**

चूंकि संशोधित अनुमान वित्तीय वर्ष के बिल्कुल अन्त में तैयार किये जाते थे, अत: संशोधित अनुमान के विरुद्ध शून्य प्राप्तियाँ त्रुटिपूर्ण बजट इंगित करती हैं।

बजट अनुमान/संशोधित अनुमान तथा वास्तविक के शीर्षानुसार अन्तर के लिए कारण जी-4 विवरण में नहीं दिये गये थे।

(ख) निम्नलिखित 35 लेखा शीर्षों के अंतर्गत संशोधित अनुमानों की तुलना में प्राप्तियों में कमी 1.37 प्रतिशत से 99.50 प्रतिशत के बीच रही। इस के कारण रिकार्ड में उपलब्ध नहीं थे:

तालिका 1.20 : प्राप्तियों में कमी

(रुपये हजार में)

क्र. सं.	लेखाशीर्ष	बजट अनुमान 2007-08	संशोधित अनुमान 2007-08	वास्तविक 2007-08	कमी	कमी की प्रतिशतता
1	*ए-1(अ)* गृहकर के.लो.नि.वि. भवन : चालू	100000	100000	75765	24235	24.24
2	*ए-1(ब) के.लो.नि.वि. भवनों के अलावा गृहकर बकाया*	20000	10000	8909	1091	10.91
3	*ए- V सम्पत्ति के हस्तांतरण पर शुल्क*	250000	250000	136868	113132	45.25
4	*ए- VI (ब) कुत्ता पालने पर कर*	100	50	23	27	54.00
5	*ए- VIII (1) अन्य शुल्क एवं जुर्माना*	3400	3012	1655	1357	45.05
6	*ए- VIII(2) प्लम्बिंग लाइसेंस*	10	50	30	20	40.00
7	*ए- VIII(3) फेरी लगाने का लाइसेंस*	200	100	4	96	96.00
8	*ए- VIII(7) दुकान का लाइसेंस*	300	600	265	335	55.83
9	*ए- VIII(8) प्रतिलिपि शुल्क तथा उपनियमों इत्यादि की बिक्री*	310	400	375	25	6.25
10	*ए- VIII(9) कम्पोजिशन शुल्क*	3000	3000	1765	1235	41.17
11	*ए- VIII(10) सीवर कनेक्शन शुल्क*	14000	7000	3313	3687	52.67
12	*ए- VIII(14)* शव वाहन प्रभार	30	30	4	26	86.67
13	*ए- VIII(16) निरीक्षण शुल्क*	100	200	76	124	62.00
14	सी-iii विविध प्राप्तियॉ श्रम कल्याण विभाग	150	150	106	44	29.33
15	सी-v अवकाश वेतन अंशदान	0	200	168	32	16.00
16	सी-vii न.दि.न.पा.परिषद् विभागीय जलपान गृह से प्राप्तियॉ	500	1600	1317	283	17.69
17	सी-viii दक्ष से प्राप्तियॉ	12	10	3	7	70.00
18	डी-I (ब) बस शुल्क सीनियर	300	300	159	141	47.00

	सै0/प्राथमिक स्कूल					
19	डी-I (स) (iii) नर्सरी स्कूल से फीस	0	80	4	76	95.00
20	डी-I (स) (xi) गृह कल्याण केन्द्र	6000	1400	431	969	69.21
21	डी-III जन स्वास्थ्य	17500	22800	15478	7322	32.11
22	डी-IV पशुपालन	900	50	24	26	52.00
23	डी-VIII खाद संयंत्र से प्राप्तियॉ	2000	200	1	199	99.50
24	ई-iii नये कनेक्शन/पुनः कनेक्शन शुल्क	3800	3800	1593	2207	58.08
25	एच-I पूर्ण हुई परियोजनाओं से किराया/लाइसेंस शुल्क	1100000	1160000	715780	444220	38.29
26	एच-iii टैक्सी बूथ	2500	1000	919	81	8.10
27	एच- vii पार्क तथा खेल के मैदान का आरक्षण	2000	2000	1488	512	25.60
28	एच-viii क्योस्क	12700	12700	12365	335	2.64
29	एच-ix सड़क के किनारे पेड़ तथा उद्यान उत्पादों की बिक्री	200	500	257	243	48.60
30	एच-xiv कार पार्किंग	120000	120000	105017	14983	12.49
31	एच-xvii विद्युत खम्बों पर विज्ञापन हेतु प्रदर्शन प्रभार	50000	20000	13276	6724	33.62
32	एच-xix भण्डारण प्रभार (सिविल स्टोर)	1600	1600	763	837	52.31
33	एच-xxiv (ब) सम्पदा का निदेशालय (एमओयूडी)	0	5000	3164	1836	36.72
34	I कर्मचारियों को अग्रिम	16340	11990	5681	6309	52.62
35	J-I गैर योजित योजना से सहायता (राजस्व)	350780	355860	350984	4876	1.37
	योग	**2078732**	**2095682**	**1458030**	**637652**	**30.43**

इन 35 लेखा शीर्षों में से, 14 शीर्षों के मामले में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी थी। लेखा शीर्ष के अन्तर्गत ए 1(ए) गृहकर-वर्तमान ए- V सम्पत्ति के हस्तांतरण पर शुल्क, एच-I पूर्ण हो चुकी

परियोजनाओं से किराया शुल्क लाइसेंस और एच XIV कार पार्किंग जैसे प्रत्येक मामले में कमी 1.00 करोड़ रुपये से अधिक है।

तालिका-1.21 : प्राप्तियों की अधिक वसूली

(रुपये हजार में)

क्र. सं.	लेखाशीर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक प्राप्तियाँ	आधिक्य	आधिक्य की प्रतिशतता
1	*ए-1(अ) सरकारी* के.लो.नि.वि. भवन : बकाया	10000	10000	10868	868	8.68
2	*ए-1(ब) के.लो.नि.वि. भवन : वर्तमान*	30000	40000	50042	10042	25.11
3	*ए- 1(स) निजी सम्पतियाँ : वर्तमान*	1000000	1100000	1468084	368084	33.46
4	*ए- 111 विज्ञापन कर*	0	500	1179	679	135.80
5	*ए- VII(क) प्रस्तुतिकरण शुल्क प्लान*	5000	3000	3897	897	29.90
6	*ए- VII (ख)बेटरमैंट प्रभार*	2700	4500	4926	426	9.47
7	*ए- VII (ग) चट्टा प्रभार*	75	12	91	79	658.33
8	*ए- VII (घ) भवन कर*	850	900	913	13	1.44
9	*ए- VII (ड.) अतिरिक्त एफ.ए.आर. पर वसूली*	1300	500	888	388	77.60
10	*ए- VIII (15) नक्शा तैयार करने का शुल्क*	20	10	18	8	80.00
11	*बी- ii अग्रिम पर ब्याज*	1625	1720	1920	200	11.63
12	सी- *VI* पेंशन अंशदान	0	400	429	29	7.25
13	डी- *II* एक्स रे, लैब टैस्ट तथा जॉच प्रभार	50	50	1207	1157	2314.00
14	डी- IX *(क)* तालकटोरा स्टेडियम	0	2094	2139	45	2.15
15	डी- IX *(ख)* इण्डोर स्टेडियम (शिवाजी)	0	250	318	68	27.20
16	डी- XIII पालिका पार्किंग से प्राप्तियाँ	10000	10500	11155	655	6.24
17	ई-(ii) विद्युत मीटर किराया	12000	12000	12649	649	5.41
18	ई-(*V*) भण्डारण प्रभारों की वसूली	3000	4000	5479	1479	36.98
19	एफ-1 जल की बिक्री	200000	200000	212200	12200	6.10
20	एफ- *II* मीटर किराया	1300	1300	1384	84	6.46
21	एच-*IV* बस क्यू शैल्टर	800	13900	16694	2794	20.10
22	एच- X तहबाजारी	7500	7500	8065	565	7.53

23	एच-xi अतिक्रमण को हटाने की लागत की वसूली	4500	4000	4435	435	10.88
24	एच-xiii सड़कों इत्यादि पर विभागीय प्रभार	4000	4766	13755	8989	188.61
25	एच-xiii (क) जमा कार्यो पर विभागीय प्रभार	1200	150	996	846	564.00
26	एच-xv अन्य प्राप्तियाँ	7300	13343	20162	6819	51.11
27	एच-xxiv (क) भू. एवं वि. का. (एसटीसी)	0	5000	36180	31180	623.60
28	के-(ii) जमा कार्य : सिविल अभि.	3100	17000	45398	28398	167.05
29	के-(iii) जमा कार्य : विद्युत अभि.	47900	47900	80343	32443	67.73
	योग	**1354220**	**1505295**	**2015814**	**510519**	**33.91**

सात मामलों में संशोधित अनुमानों के संदर्भ में प्राप्तियाँ सौ प्रतिशत से अधिक थी। बजट अनुमानों में विचलन अप्रत्याशित एवं अनियमित बाह्य घटनाओं अथवा यथार्थ(नियमपूर्वक) के अभाव के कारण हो सकता है । जैसाकि संशोधित अनुमान वित्तीय वर्ष के अंतिम समय में तैयार किये गए हैं, उपरोक्त तालिका में वर्णित संशोधित अनुमानों में ऐसे बड़े विचलनों के कारणों को विश्लेषित किये जाने की आवश्यकता है ।

1.15.2 अनुमान की तुलना में कर राजस्व की वास्तविक वसूली

पिछले पॉच वर्षो के दौरान बजट अनुमानों की तुलना में कर राजस्व की वास्तविक वसूली निम्न प्रकार से थी:-

तालिका 1.22 : अनुमानों की तुलना में कर राजस्व की वास्तविक वसूली

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक कर राजस्व	बजट अनुमानों से अधिक कर राजस्व की प्राप्ति में बढ़ोतरी (+)/कमी (-)	बजट अनुमान से वृद्धि (+)/ कमी (-) की प्रतिशतता
2007-08	**196.81**	**227.89**	**223.10**	**(+)26.29**	**(+)13.36**
2006-07	168.77	194.28	196.47	(+)27.70	(+)16.42
2005-06	148.60	157.73	173.07	(+) 24.47	(+) 16.47
2004-05	132.02	156.36	172.27	(+) 40.25	(+) 30.49
2003-04	126.34	134.33	142.31	(+) 15.97	(+) 12.64

बजट अनुमानों के संदर्भ में वर्ष 2007-08 के दौरान कर राजस्व में वास्तविक प्राप्ति में 13.36 प्रतिशत की वृद्धि थी ।

1.15.3 गैर-कर राजस्व की बजट अनुमान की तुलना में वास्तविक वसूली

पिछले पांच वर्षो में बजट अनुमानों की तुलना में गैर-कर राजस्व की वास्तविक वसूली निम्न प्रकार से थी:

तालिका 1.23 : बजट अनुमानों की तुलना में गैर-कर राजस्व की वास्तविक वसूली

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक गैर-कर राजस्व	बजट अनुमान से अधिक (+)/कम (-) प्राप्त गैर- कर राजस्व	बजट अनुमान में वृद्धि (+)/ कमी (-) की प्रतिशतता
2007-08	**903.52**	**1037.67**	**1055.52**	**(+)152.00**	**(+)16.82**
2006-07	853.10	879.68	883.73	(+)30.63	(+)3.59
2005-06	827.24	845.57	842.59	(+) 15.35	(+)01.86
2004-05	833.41	857.21	860.85	(+) 27.44	(+) 03.29
2003-04	728-16	719.76	690.49	(-) 37.67	(-) 05.17

वर्ष 2007-08 के दौरान गैर-कर राजस्व बजट अनुमान से 152.00 करोड़ रुपये अधिक था।

1.15.4 संशोधित अनुमानों की तुलना में वास्तविक व्यय

सभी पांच वर्षो में वास्तविक व्यय संशोधित अनुमानों से निरंतर कम रहा और बजट अनुमान से भी कम रहा ।

तालिका 1.24 : संशोधित अनुमानों की तुलना में वास्तविक व्यय

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान			संशोधित अनुमान			वास्तविक व्यय			आधिक्य (+)/बचत (-)		
	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर योजना	कुल	योजना	गैर योजना	कुल
2007-08	**30.30**	**1132.93**	**1163.23**	**45.50**	**1299.18**	**1344.68**	**39.76**	**1319.70**	**1359.46**	**(-)5.74 *12.62**	**(+)20.52 *1.58**	**(+)14.78 *1.10**
2006-07	22.20	1038.24	1060.44	17.35	1101.40	1118.75	14.47	1003.22	1017.69	(-)2.88 *16.60	(-)98.18 *8.91	(-)101.06 *9.03
2005-06	17.40	1017.48	1034.88	13.31	1015.58	1028.89	10.37	960.54	970.91	(-)2.94 *22.09	(-) 55.04 *5.42	(-)57.98 *5.64
2004-05	18.90	977.20	996.10	17.19	1043.96	1061.15	11.64	954.85	966.49	(-)5.55 *32.29	(-) 89.11 *8.54	(-)94.66 *8.92
2003-04	16.84	867.42	884.26	20.14	863.64	883.78	15.80	785.68	801.48	(-)4.34 *21.55	(-) 77.96 *9.03	(-) 82.03 *9.31

* आधिक्य/बचत का प्रतिशत इंगित करता है।





वर्ष 2007-08 हेतु व्यय 1344.68 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमानों की तुलना में 1359.46 करोड़ रुपये था । इस प्रकार व्यय 14.78 करोड़ रुपये अधिक था । आंकड़ों का विश्लेषण इंगित करता है कि वर्ष 2007-08 हेतु व्यय कम आँका गया ।

1.15.5 संशोधित अनुमानों की तुलना में बचत

वास्तविक व्यय वर्ष 2007-08 के दौरान निम्न लेखा शीर्षों में वृहद् बचत हुई थी:-

तलिका 1.25: संशोधित अनुमानों की तुलना में किया गया कम व्यय

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	विवरण	संशोधित अनुमान	वास्तिविक व्यय	बचत
			2007-08	2007-08	
1	सी	प्रशासनिक विभाग	253.75	242.19	11.56
2	डी.1	शिक्षा	66.80	60.45	6.35

3	डी.2	चिकित्सा एंव जन-स्वास्थ्य	167.87	138.38	29.49
4	डी.3	पशु पालन	0.84	0.64	0.20
5	डी.4.1	तरण-ताल	0.64	0.36	0.28
6	डी.4.3	शव-वाहन	0.15	0.00	0.15
7	डी.4.4	बगीचे, पार्क व फव्वारें	27.03	21.45	5.58
8	डी.4.5	पशुबाड़ा	0.83	0.04	0.79
9	डी.4.6	समाज कल्याण	1.73	0.66	1.07
10	डी.4.7	अनुदान सहायता	1.14	1.07	0.07
11	डी.4.10	धोबीघाट	0.32	0.18	0.14
12	डी.4.11	झुग्गी-झोपड़ी समूहों में सुधार	2.00	1.98	0.02
13	डी.4.12	आवास	6.67	4.49	2.18
14	डी.4.13	परिवार, स्वास्थ्य व बच्चे	0.21	0.10	0.11
15	डी.5	पालिका पार्किंग	0.90	0.65	0.25
16	डी.8	बारात घर/ रैन बसेरे	1.12	0.27	0.85
17	एफ	जल आपूर्ति	66.77	63.55	3.22
18	जी	सड़कें	92.03	75.66	16.37
19	एच.1	सिविल इंजीनियरिंग विभाग	175.17	160.16	15.01
20	एच.2	विद्युत इंजीनियरिंग विभाग	21.20	16.77	4.43
21	एच.4	विधायक निर्वाचन निधि	5.05	4.90	0.15
22	एच.6	परामर्श/ मूल्यांकन अध्ययन	1.25	0.45	0.80
23	आई	कर्मचारियों के लिए अग्रिम राशि	1.02	0.44	0.58
		योग	**894.49**	**794.84**	**99.65**

1.15.6 संशोधित अनुमानों की तुलना में अधिक व्यय

वर्ष 2007-08 के दौरान 7 लेखा शीर्षो में संशोधित अनुमानों की तुलना के मुकाबले व्यय अधिक हुआ।

तालिका 1.26: संशोधित अनुमानों की तुलना में किया गया अधिक व्यय

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	लेखा शीर्ष	विवरण	संशोधित अनुमान 2007-08	वास्तविक व्यय 2007-08	अधिक व्यय
1	ए	कर व शुल्कों का संग्रहण	1.69	1.84	0.15
2	डी.4.2	सामुदायिक व बहुद्देश्यीय हाल	3.77	3.80	0.03
3	डी.7	इंडोर स्टेडियम	0.95	1.01	0.06

4	ई	विद्युत आपूर्ति	436.89	547.39	110.50
5	एच.3	वास्तुविद विभाग	1.58	1.92	0.34
6	जे	बाह्य सहायता	0.00	0.20	0.20
7	के	जमा कार्य	5.31	8.46	3.15
		योग	**450.19**	**564.62**	**114.43**

1.15.7 वेतन व भत्तों के विरूद्ध शून्य व्यय

निम्नलिखित 10 मामलों में वेतन एवं भत्तों के लिए संशोधित अनुमान बनाया गया था किन्तु वर्ष 2007-08 के दौरान कोई व्यय नहीं किया गया।

तालिका 1.27 : वेतन एवं भत्तों के विरूद्ध शून्य व्यय

(रुपये हजार में)

क्र. सं.	लेखाशीर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक व्यय
1	सी.16.1 इंजीनियर-इन-चीफ: वेतन एंव भत्ते।	557	156	0
2	डी.1.7.6 ए(1) जन संख्या के लिए कर्मचारी: व सामग्री वेतन व भत्ते।	1091	850	0
3	डी.1.7.7.1 कार्यानुभव कार्यक्रम व हाबी केन्द्र: वेतन व भत्ते।	306	141	0
4	डी.1.8.1 सार्वजनिक वाचनालय वेतन व भत्ते।	154	173	0
5	डी.1.19.1 समाजकल्याण कार्यकर्ता-वेतन व भत्ते।	2336	1775	0
6	डी.2.2.12.1 रक्त कैम्प की स्थापना: वेतन व भत्ते।	2185	2204	0
7	डी.2.11.1 जन्म-मृत्यु आंकड़ों का संग्रहण: वेतन व भत्ते।	1908	2012	0
8	डी.2.20.1 आवारा कुत्तों का जन्म नियंत्रण: वेतन व भत्ते।	872	921	0
9	डी.4.3.1 शव वाहन सेवा: वेतन व भत्ते।	1467	1504	0
10	डी.4.5.1 पशुबाड़ा: वेतन व भत्ते।	7241	7924	0

रिकार्ड में उक्त हेतु कारण नहीं दिये गये थे ।

1.15.8 योजना

कुल व्यय की तुलना में योजना व्यय का प्रतिशत बहुत कम रहा। वर्ष 2007-08 के दौरान योजना शीर्षों के अन्तर्गत 30.30 करोड़ रुपये बजट अनुमान की तुलना में 39.76 करोड़ रु. व्यय हुए अर्थात बजट अनुमानों से 9.46 करोड़ रुपये अधिक व्यय हुए जोकि 31.22 प्रतिशत अधिक है।

संशोधित अनुमान के संदर्भ में वास्तविक व्यय की तुलना से यह प्रकट हुआ कि:-

(क) एक लेखा शीर्ष के अन्तर्गत 5.00 लाख रुपये की राशि निम्नलिखित रूप में पूर्ण रूप से अनुपयोगी रही:

तालिका 1.28: शून्य व्यय वाले लेखाशीर्ष

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	लेखाशीर्ष	विवरण	संशोधित अनुमान 2007-08	वास्तविक व्यय 2007-08
1	डी 2.11.5	जन्म-मृत्यु आंकड़ा इकाई सशक्त करना (राजस्व)	5.00	शून्य

(ख) निम्न लेखाशीर्षो के अंतर्गत, संशोधित अनुमानों के संदर्भ में बचत 2.99 प्रतिशत से 99.30 प्रतिशत के मध्य रही।

तालिका 1.29: अत्यधिक बचत वाले लेखाशीर्ष

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	सेवाएँ/लेखाशीर्ष	संशोधित अनुमान 2007-08	वास्तविक व्यय 2007-08	बचत	बचत प्रतिशत में
1	डी. 1.10.9 (i): पोषण	70.00	36.92	33.08	47.26
2	डी.1.19.4: शिक्षा: छात्रवृत्तियां एंव अन्य प्रोत्साहन	6.00	2.80	3.20	53.33
3	जी.1.3 कनाट प्लेस का उन्नयन (272 ए)	435.00	3.06	431.94	99.30
4	जी.1.3 न.दि.न.पा.परिषद् क्षेत्र में गलियों व मार्गो का सौन्दर्यकरण (272 बी)	50.00	41.77	8.23	16.46
5	जी.1.3 मार्ग संकेतकों का संस्थापन (272 सी)	50.00	17.39	32.61	65.22
6	जी.1.3 शिरोपरि पुल का निर्माण (272 डी)	40.00	4.36	35.64	89.10
7	एच.1.8 जनपथ सड़क पटरी मार्किट का विकास (नई योजना)	125.00	113.03	11.97	9.58
8	एच.4 विधायक निर्वाचन क्षेत्र निधि	505.00	489.88	15.12	2.99

(ग) निम्न पाँच लेखाशीर्षो के अंतर्गत संशोधित अनुमानों से 13.38 प्रतिशत से 100.00 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ था।

तालिका 1.30: अधिक व्यय वाले लेखाशीर्ष

(रुपये लाख मे)

क्र. सं.	विवरण	संशोधित अनुमान	वास्तविक व्यय	अधिक्य	अधिक्य प्रतिशत में
1	डी.1.4.5 (iii) निशुल्क वर्दियाँ	49.00	52.20	3.20	6.53

2	डी.2.2.ए.4 (74) किचनर रोड पर 50 बिस्तर वाले प्रसूती केन्द्र का निर्माण।	40.00	45.35	5.35	13.38
3	डी.2.15.8 चेस्ट क्लीनिक की स्थापना व सशक्त करना (राजस्व)	0.00	3.09	3.09	100.00
4	डी.2.21.7 स्वास्थ्य शिक्षा इकाई को सशक्त करना (राजस्व)	10.00	12.12	2.12	21.20
5	एच.1.8 (301) (1) गोल मार्किट गोल चौराहे को पुनरूद्धार	0.00	15.28	15.28	100.00
	योग	**99.00**	**128.04**	**29.04**	**29.33**

रिकार्ड में संशोधित अनुमानों से ऐसे अत्यधिक विचलन के कारण उपलब्ध नहीं थे।

1.15.9 गैर- योजना

वर्ष 2007-08 के दौरान 1299.18 करोड़ रुपये संशोधित अनुमान के विरूद्ध वास्तविक व्यय 1319.70 करोड़ रुपये था। इस प्रकार कुल अधिक व्यय 20.52 करोड़ रुपये था अर्थात 1.58 प्रतिशत, इसके अतिरिक्त संशोधित अनुमानों के संदर्भ में वास्तविक व्यय के शीर्षानुसार तुलनात्मक विवरण से निम्न प्रकार ज्ञात हुआ:

(क) कुछ लेखा शीर्षो के अंतर्गत संशोधित अनुमान का कुछ भी उपयोग नहीं हुआ। एक लाख रुपये से अधिक संशोधित अनुमानों वाले 96 मामलों का विवरण अनुलग्नक- II में दिया गया है।

(ख) 35 मामलों में बजट अनुमानों में कोई प्रावधान नहीं था । तथापि, संशोधित अनुमानों में प्रावधान किये गये थे । परंतु कुछ भी व्यय नहीं हुआ। इनका विवरण अनुलग्नक- III में दिया गया है।

(ग) बजट अनुमानों के 114 लेखा शीर्षो के अन्तर्गत बचत की मात्रा 50 प्रतिशत से 99.83 प्रतिशत के मध्य रही। विवरण अनुलग्नक- IV में प्रस्तुत है।

(घ) 102 लेखा शीर्षो के अंतर्गत बजट प्रावधानों से अधिक व्यय हुआ है। संशोधित अनुमानों से अधिक व्यय की प्रतिशतता 0.88 प्रतिशत से 264605.00 प्रतिशत के मध्य थी । लेखा शीर्ष ई. 2.1. के अंतर्गत 5.00 लाख रुपये के संशोधित अनुमानों के विरूद्ध 13235.25 लाख रुपये (132.35 करोड़ रुपये) की राशि व्यय हुआ था । विद्युत/जल प्रभारों से संबंधित बिलों के कम्प्यूटरीकृत हेतु भुगतान के लिए संशोधित अनुमान से 264605 प्रतिशत अधिक व्यय किया गया। वर्ष 2007-08 के दौरान लेखा शीर्ष डी.1.1.11. एल.टी.सी. के अंतर्गत संशोधित अनुमान 2.50 लाख रुपये की तुलना में 331.43 लाख रुपये (3.31 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ था । संशोधित अनुमानों के संदर्भ में आधिक्य व्यय की प्रतिशतता 13157.20 प्रतिशत निकाली गई ।

रखरखाव कार्यों के लेखा शीर्ष एफ-5 के अन्तर्गत 0.65 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के सापेक्ष 6.97 करोड़ रुपये का व्यय हुआ जोकि संशोधित अनुमानों के संदर्भ में 971.77 प्रतिशत अधिक निकाला गया। एक लाख रुपये से अधिक वास्तविक व्यय वाले 67 शीर्षों का विवरण अनुलग्नक-V में दिया गया हैं।

(ड़) 65 लेखा शीर्षों के अंतर्गत व्यय बिना किसी संशोधित बजट प्रावधानों के खर्च किया गया था। 65 लेखा शीर्षों का विवरण अनुलग्नक- VI में प्रस्तुत है।

संशोधित अनुमानों में ऐसे व्यापक विचलन के कारण रिकार्ड में उपलब्ध नहीं थे।

1.16 व्यय की अत्याधिकता

1.16.1 व्यय की अत्याधिकता

सामान्य वित्त अधिनियम के नियम 56(3) के अनुसार वित्तीय वर्ष के विशेषकर आखिरी माह में अत्याधिक व्यय को वित्तीय नियमितता का उल्लंघन माना जाएगा और उससे बचा जाना चाहिए। इसके विपरीत वित्तीय वर्ष के मार्च माह में एवं अन्तिम तिमाही में बहुत व्यय किया गया । कुछ उदाहरण निम्न प्रकार हैं:-

तालिका 1.31 : मार्च मास में व्यय की अत्याधिकता

(रुपये करोड़ में)

विभाग	2005-2006			2006-2007			2007-2008		
	वर्ष के दौरान व्यय	मार्च के दौरान व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशतता	वर्ष के दौरान व्यय	मार्च के दौरान व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशतता	वर्ष के दौरान व्यय	मार्च के दौरान व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशतता
जल आपूर्ति	34.74	9.19	26.45	60.68	14.94	24.62	63.55	18.15	28.56
सड़कें (सिविल एवं विद्युत)	14.67	2.98	20.31	33.39	8.85	26.50	75.66	11.03	14.58
विभिन्न विभागों के जमा कार्य	6.12	0.67	10.95	6.36	1.10	17.30	8.46	2.12	25.06

तालिका-1.32 : वर्ष के अंतिम त्रैमासिक में व्यय की अत्याधिकता

(रुपये करोड़ में)

विभाग	2005-06			2006-07			2007-08		
	वर्ष के दौरान व्यय	जनवरी से मार्च तक व्यय	अंतिम तिमाही में व्यय की प्रतिशतता	वर्ष के दौरान व्यय	जनवरी से मार्च तक व्यय	अंतिम तिमाही में व्यय की प्रतिशतता	वर्ष के दौरान व्यय	जनवरी से मार्च तक व्यय	अंतिम तिमाही में व्यय की प्रतिशतता
जलापूर्ति	34.74	19.24	55.38	60.68	32.53	53.61	63.55	26.42	41.57
सड़कें (सिविल एवं विद्युत)	14.67	5.95	40.56	33.39	16.62	49.78	75.66	24.92	32.94
विभिन्न विभागों के जमा कार्य	6.12	1.58	25.82	6.36	3.00	47.17	8.46	4.48	52.96

1.17 ऑडिट रिपोर्टों पर अनुवर्ती कार्यवाही

1.17.1 स्थानीय आडिट रिपोर्ट

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के प्रत्येक विभाग, अनुमान कार्यालय और सहायता अनुदान प्राप्त संस्थान का आडिट मुख्य लेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा किया जाता है । आडिट के दौरान की गई आडिट टिप्पणियों और आडिट के दौरान उत्तर न दिये गये/निपटान न कराई गई टिप्पणियों को स्थानीय आडिट रिपोर्टों के माध्यम से विभागाध्यक्षों/कार्यालय-प्रमुखों को भेजा जाता है । विभागाध्याओं/कार्यालय प्रमुखों को स्थानीय आडिट रिपोर्ट प्राप्त होने के चार सप्ताह के भीतर उत्तर देना अपेक्षित होता है। 31 मार्च, 2008 तक अनुपालन न करने के कारण 957 स्थानीय आडिट रिर्पोटों में 4711 आडिट पैरा लम्बित थे ।

31 मार्च 2008 को विभाग अनुसार लम्बित/बकाया आडिट पैरों का विवरण निम्न प्रकार से है:

तालिका 1.33 : विभाग अनुसार स्थानीय आडिट रिपोर्ट के बकाया पैरों का विवरण

क्र.सं.	विभाग का नाम	दिनांक 31 मार्च 2008 तक बकाया पैरों की संख्या
1	लेखा	273
2	वास्तुविद् व पर्यावरण	80
3	सिविल इंजीनियरिंग	892
4	वाणिज्यिक	73
5	शिक्षा	689
6	विद्युत	868

7	प्रवर्तन	77
8	सम्पदा	130
9	अग्नि रखरखाव	66
10	सामान्य प्रशासन	145
11	चिकित्सा सेवाएँ/जन स्वास्थ्य	393
12	उद्यान	84
13	सम्पत्ति कर	101
14	सूचना प्रोद्योगिकी	29
15	विधि	19
16	कार्मिक	281
17	जन सम्पर्क	67
18	सुरक्षा	68
19	कल्याण	376
	कुल	**4711**

अनुपालन में सुधार लाने के लिए परिषद् के दिनांक 3 मार्च 2005 के प्रस्ताव द्वारा स्थानीय आडिट रिपोर्ट के पैरों के शीघ्र निपटान के लिए एक पद्धति आरम्भ की गई है। इसके अन्तर्गत बकाया पैरों के निपटान के लिए आडिट, वित्त और सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधियों को मिला कर एक तद्र्थ समिति गठित की गई है । वर्ष 2007-08 के दौरान 43 पैरों का निपटान किया गया था।

1.17.2 वार्षिक आडिट रिपोर्ट

परिषद् ने दिनांक 3 मार्च 2005 के प्रस्ताव द्वारा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत मुख्य लेखा परीक्षक की वार्षिक आडिट रिपोर्ट पर विचार कर अपनी रिपोर्ट परिषद् को प्रस्तुत करने के लिये आडिट हेतु स्थायी समिति के गठन हेतु अनुमोदन प्रदान किया। वर्ष 2008-09 के दौरान तीन बैठकें हुई जिसमें आडिट हेतु स्थायी समिति ने बकाया पैराग्राफों में से 68 पैराग्राफों के संबंध में विभाग के प्रत्युत्तर पर विचार किया, 13 पैराग्राफ निपटाए गए तथा संबंधित विभागों को उचित दिशा-निर्देश जारी किये ।

फलस्वरूप, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् की वार्षिक आडिट रिपोर्ट में सम्मिलित बकाया पैरों पर की गई कार्यवाही की टिप्पणी एवं समीक्षा की स्थिति दिनांक 31 मार्च 2009 को निम्न प्रकार थी:

तालिका 1.34: वार्षिक आडिट रिपोर्ट में सम्मिलित पैराग्राफ तथा बकाया

31 मार्च को समाप्त वर्ष की रिपोर्ट	रिपोर्ट में सम्मिलित पैरों की संख्या	बकाया पैरों की संख्या
1997	124	41
1999	98	64
2000	45	23
2001	42	19
2002	38	12
2003	36	13
2004	36	19
2005	37	22
2006	42	29
2007	42	34
2008 (समीक्षा)	4	4
योग	**544**	**280**

लेखा
विभाग

अध्याय-II : लेखा विभाग

2.1 अधिक्य निधि के निवेश पर 94.27 लाख रुपये के ब्याज की हानि

वर्ष 2006-07 और 2007-08 में विभाग द्वारा अधिक्य निधि को निवेश न करने/विलम्ब से निवेश करने के कारण न.दि.न.पा.परिषद् को कम ब्याज प्राप्ति के कारण 94.27 लाख रुपये की हानि हुई ।

परिषद् द्वारा अधिक्य निधि के निवेश के लिए बनाए दिशा-निर्देशों के अनुसार, कार्य की मांग व अन्य प्रत्याशित मॉग के अनुसार, नकद प्रवाह अनुमान के आधार पर प्रत्येक पखवाड़े में उपलब्ध अधिक्य निवेश योग्य राशि का आकलन किया जाना चाहिए । तद्नुसार, निवेश समिति द्वारा हर पन्द्रह दिन के पश्चात् प्रत्येक मास की 15 व 30 तारीख को प्रत्याशित नकद प्राप्ति एवं व्यय के आधार पर निवेशीय आधिक्य निधि का निर्धारण किया जाता है। परंतु दिशा-निर्देशों में यह उपबन्धित नहीं है कि पखवाडे के प्रारम्भ होने के पश्चात् किस तिथि तक प्रत्याशित आय-व्यय का विवरण तैयार किया जाये तथा अधिक्य राशि के लिए निवेश समिति की बैठक कब की जाये । अधिक्य निधि के निवेश में विलम्ब के कारण ब्याज की हानि से बचने के लिए यह अनिवार्य है कि नकदी की प्राप्ति एवं व्यय का विवरण हर पन्द्रह दिन के पश्चात् समय पर तैयार कर लिया जाए और प्रत्येक पखवाड़े की शुरूआत में निवेश समिति की बैठक भी तत्काल आयोजित की जाए।

वर्ष 2006-07 व 2007-08 के लिए निवेश अनुभाग के लेखा परीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि निवेश न करने/विलम्ब से निवेश करने के कारण, कम ब्याज राशि प्राप्त होने के कारण, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को निम्न विवरण अनुसार 94.27 लाख रुपये की हानि हुई:

(क) अधिक्य निधि के निवेश में विलम्ब होने के कारण 77.14 लाख रुपये की ब्याज की हानि

यह पाया गया था कि कुछ मामलों में निवेश समिति की बैठक तत्काल आयोजित न होने के कारण अधिक्य राशि के निवेश में बेवजह विलम्ब हुआ व तदुपरांत निम्न विवरणानुसार ब्याज की हानि हुई:-

पखवाड़ा प्रारंभ	प्रत्याशित प्राप्त/व्यय होने वाली राशि का विवरण बनाने की तिथि	निवेश समिति की बैठक की तिथि	निवेश राशि (रुपये करोड़ में)	निवेश की तिथि	पखवाड़ा शुरू होने के 5 दिन के बाद निवेश में विलम्ब	ब्याज दर (प्रतिशत में)	ब्याज हानि (रुपये में)
01.05.06	03.05.06	05.05.06	10.00	08.05.06	3 दिन	8.37	68795
	03.05.06	11.05.06	95.00	11.05.06	6 दिन	8.05	1257123

15.06.06	01.06.06	05.06.06	5.00	06.06.06	1 दिन	8.25	11301
16.06.06	19.06.06	21.06.06	10.00	22.06.06	2 दिन	8.25	74092
01.11.06	01.11.06	08.11.06	220.00	09.11.06	4 दिन	8.75	2109589
16.11.06	16.11.06	22.11.06	17.00	23.11.06	3 दिन	8.71	121701
	16.11.06		33.00	23.11.06	3 दिन	8.75	237329
01.01.07	02.01.07	11.01.07	20.00	12.01.07	7 दिन	9.45	362466
16.01.07	16.01.07	23.01.07	30.00	23.01.07	3 दिन	9.60	236712
16.03.07	15.03.07	19.03.07	50.00	21.03.07	1 दिन	11.36	155616
16.04.07	16.04.07	20.04.07	100.00	21.04.07	1 दिन	10.50	287671
	16.04.07		100.00	21.04.07	1 दिन	10.85	297260
01.09.07	03.09.07	06.09.07	65.00	06.09.07	1 दिन	9.75	173630
01.10.07	01.10.07	09.10.07	115.00	09.10.07	4 दिन	9.50	1197260
16.11.07	16.11.07	21.11.07	10.00	21.11.07	1 दिन	9.50	26027
03.12.07	03.12.07	10.12.07	50.00	10.12.07	5 दिन	9.50	650685
01.02.08	01.02.08	06.02.08	45.00	06.02.08	1 दिन	9.30	114658
01.03.08	03.03.08	07.03.08	60.00	07.03.08	2 दिन	10.10	332055
योग							**7713970**

इस पर (दिसम्बर 2008) इंगित करने पर, मुख्य लेखा अधिकारी ने (मई 2009) बताया कि ब्याज दरें आमंत्रित करने व खोलने तथा निवेश के लिए उपलब्ध अधिक्य निधि के बारे में निर्णय लेने में कम से कम दो दिन तक का समय लगता है । इसलिए पखवाड़े के पहले ही दिन निवेश करना संभव नहीं है ।

मुख्य लेखा अधिकारी से प्राप्त उत्तर पर इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए विचार किया जाना चाहिए कि पखवाड़ा शुरू होने के पश्चात् 5 दिन दिए जाने के बावजूद, अधिक्य निधि के निर्धारण एवं निवेश में एक से सात दिन का विलम्ब हुआ जिसके परिणामस्वरूप उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये अनुसार 77.14 लाख रुपये के ब्याज हानि हुई।

इस प्रकार विभाग द्वारा अधिक्य राशि का तत्काल निवेश न किये जाने के परिणामस्वरूप 77.14 लाख रुपये की ब्याज राशि की हानि हुई ।

(ख) अधिक्य राशि का निवेश न होने के कारण 17.13 लाख रुपये के ब्याज की हानि

यह भी पाया गया था कि 16 मई 2006 से 31 मई 2006, 1 अगस्त 2006 से 15 अगस्त 2006, 1 सितम्बर 2006 से 15 सितम्बर 2006 और 16 सितम्बर 2006 से 30 सितम्बर 2006 के पखवाड़ों में निवेश समिति की बैठक नहीं हुई। 16 मई 2006 और 1 सितम्बर 2006 को प्रारम्भ हुए पखवाड़ों में अधिक्य निधि उपलब्ध थी जिसे इस अवधि में निवेश नहीं किया जा सका, जिसके फलस्वरूप निम्न विवरणानुसार 17.13 लाख रुपये के ब्याज राशि की हानि हुई:-

अवधि	रोकड़ पुस्तिका में अधशेष (रुपये करोड़ में)	सावधिक जमा की परिपक्वता (रुपये करोड़ में)	प्रत्याशित व्यय (रुपये करोड़ में)	न्यूनतम निवेश योग्य अधिक्य (रुपये करोड़ में)*	ब्याज दर (प्रतिशत)	10 दिन में ब्याज हानि (रुपये में)
16.5.06 से 31.5.06	92.47	21.89	47.46	63.90	8.05	1409301
1.9.06 से 15.9.06	9.06	14.35	6.99	13.42	8.26	303696
योग						**1712997**

* आरक्षित अधिक्य के रूप में 3 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के पश्चात्

इस पर (दिसम्बर 2008) इंगित करने पर मुख्य लेखा अधिकारी ने बताया (मई 2009) कि निवेश की जाने वाली राशि का निर्धारण पखवाड़े के दौरान प्रत्याशित प्राप्त व व्यय होने वाली राशि के आधार पर किया जाता है और पखवाड़े के दौरान वास्तविक रूप से उपलब्ध पूर्ण राशि को निवेश करना संभव नहीं है ।

यह भी पता चला था कि पखवाड़े के प्रारंभ में रोकड़ पुस्तिका के अधशेष, सावधि जमा की परिपक्वता और उस पखवाड़े में आंकलित किये बिना प्रत्याशित व्यय को आंकलित करते हुए 3 करोड़ रुपये की अधिक्य आरक्षित निधि के प्रावधान के बावजूद 17.13 लाख रुपये के ब्याज की राशि के दो मामले उपरोक्त तालिका में दिये गये विवरणानुसार हानि हुई।

इस प्रकार न्यूनतम निवेश योग्य राशि को निवेश न करने के कारण 17.13 लाख रुपये ब्याज राशि की हानि हुई।

अतः यह संस्तुति की जाती है कि उचित समय-सारिणी तय की जाए, जिसमें स्पष्ट रूप से उपबन्धित हो कि राशि का विवरण तैयार करने, निवेश समिति की बैठक करने और अधिक्य राशि के निवेश के लिए यह तिथि होगी तथा पद्धति यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की जाये जिससे समय सारिणी का गंभीरता से अनुपालन करना सुनिश्चित हो ताकि निवेश में विलम्ब तथा न.दि.न.पा. परिषद् को ब्याज की हानि होने से बचाया जा सके।

मामला विभाग को (जुलाई 2009) भेजा गया था, उनका प्रत्युत्तर प्रतीक्षारत (सितम्बर 2009) था।

2.2 वर्तमान ब्याज की मुख्य दरों पर निधियों के सूचीबद्ध न होने के कारण ब्याज की हानि

न.दि.न.पा.परिषद् ने दिसम्बर 2003 से अक्टूबर 2005 के मध्य 5.25 प्रतिशत से 5.75 प्रतिशत तक प्रतिवर्ष ब्याज की दरों पर भारतीय स्टेट बैंक में निवेश किया। भारतीय स्टेट बैंक ने नवम्बर 2005 में निवेश की 6.85 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज दर प्रस्तुत की थी। यद्यपि, निवेश के परिपक्व होने से पूर्व 0.5 प्रतिशत की दर से ब्याज की राशि कम करके नगद वापस प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध थी, विभाग द्वारा अपने निवेशों को पुनः सूचीबद्ध न करने के फलस्वरूप 380.52 लाख रुपये ब्याज की हानि हुई।

परिषद् के प्रस्ताव सं. 6(डी-17) दिनांक 31 अक्टूबर 2003 के अनुसार, पेंशन निधि के 400 करोड़ रुपये जमा होने तक न.दि.न.पा.परिषद् की निवेश की जाने वाली निधि का 50 प्रतिशत भारतीय स्टेट बैंक में निवेश किया जाना था और उसके बाद सूचीबद्ध बैंकों में, जो सबसे अधिक ब्याज देने की पेशकश करेंगे, में निवेश किया जाना था। यह नीति परिषद् द्वारा प्रस्ताव सं. 2(डी-10) दिनांक 26 अगस्त 2005 द्वारा परिवर्तित की गई, जिसमें यह निर्णय किया गया कि भारतीय स्टेट बैंक अन्य बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा और कैपिंग सीमा सहित ब्याज की उच्चतम उद्धृत दरों के आधार पर निवेश योग्य निधियाँ निवेश की जायेंगी।

निवेश संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान यह पता चला, कि दिसम्बर 2003 से अक्टूबर 2005 तक की अवधि में विभाग द्वारा 5.25 प्रतिशत से 5.75 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर भारतीय स्टेट बैंक में निवेश किया गया था । अगस्त 2005 में प्रस्ताव पारित होने के बाद भी, विभाग को अन्य अधिक ब्याज दरों पर निवेश के लिए, भारतीय स्टेट बैंक से समय से पूर्व निवेश वापिस नहीं लिया । नवम्बर 2005 में किये गये निवेश पर 6.85 प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ने स्वयं पेशकश प्रस्तुत की। निवेश की शेष अवधि पर 0.5 प्रतिशत दण्ड लगाकर निवेश की गई राशि का समय से पूर्व भुगतान करने की सुविधा भारतीय स्टेट बैंक में उपलब्ध थी। इस प्रकार यदि निवेश राशि पर 31.10.05 तक 0.5 प्रतिशत जुर्माने का भुगतान किया जाता तथा 01.11.05 से 6.85 प्रतिशत की दर पर उक्त राशि को पुनः भारतीय स्टेट बैंक में निवेश किया जाता तो न.दि.न.पा.परिषद् को 380.52 लाख रुपये का अधिक ब्याज प्राप्त होता जैसे कि अनुलग्नक VII पर प्रस्तुत है।

अतः वर्तमान उच्च ब्याज दरों पर निधि को पुनः सूचीबद्ध न करने के कारण 380.52 लाख रुपये की हानि हुई।

इसका उल्लेख किये जाने पर (दिसम्बर-2008), मुख्य लेखा अधिकारी ने (मार्च 2009) वर्णन किया कि पुनः अनुसूची तभी तैयार की गयी जब ब्याज दरें सामान्यतः अधिक हों क्योंकि जब भी

परिपक्व अवधि से पूर्व राशि कैश की जाती है, तो बैंक न केवल आगे के लिए कम दरें प्रदान करते हैं, बल्कि जुर्माना भी लगाते हैं।

मुख्य लेखा अधिकारी के उत्तर की समीक्षा इस आधार पर की जाती है कि परिपक्व अवधि से पूर्व एस.बी.आई. से राशि वापस लेने पर, दरें कम हुए बिना लागू दरों पर 0.5 प्रतिशत जुर्माना देय था। 0.5 प्रतिशत जुर्माना राशि कम करके कुल ब्याज राशि 380.52 लाख रुपये की हानि हुई। परिपक्व अवधि से पूर्व निधि वापस लेने पर यह जुर्माना बैंक अपनी नीति के अनुसार लगाता।

मामला विभाग को (जुलाई 2009) प्रेषित किया गया था एवं इनका प्रत्युत्तर (सितम्बर 2009) प्रतीक्षारत था।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग

अध्याय-III: सिविल इंजीनियरिंग विभाग

3.1 निर्धारित सीमा के पश्चात् प्रतिस्थापन धारा का प्रयोग करते हुए सामान क्रय करने में अनियमितता

भंडार प्रभाग (सिविल) द्वारा किये गये करार की प्रतिस्थापन धारा के अनुसार निविदा में उद्धृत दरों पर करार में दी गई मूल मात्रा के अतिरिक्त आपूर्तिकर्ता से केवल 20 प्रतिशत अतिरिक्त मात्रा में सामान क्रय किया जा सकता है । लेकिन प्रभाग ने करार में निर्धारित अधिकतम सीमा का उल्लंघन करते हुए 26.92 प्रतिशत से 112.5 प्रतिशत अधिक मात्रा में सामान क्रय किया, जो माँग को अनुमानित करने में कमी को इंगित करता है।

भंडार(सिविल) प्रभाग का मुख्य कार्य न.दि.न.पा.परिषद् के रखरखाव तथा निर्माण प्रभागों के लिये अपेक्षित विभिन्न सामान को उपलब्ध कराना है। करारों, आपूर्ति आदेशों तथा प्रभाग से संबंधित अन्य रिकार्ड की जाँच करने से यह ज्ञात होता है कि करार की नियम एवं शर्तो की प्रतिस्थापन धारा का प्रयोग करते हुए ठेकेदारों को अतिरिक्त आपूर्ति आदेश दिये गये । प्रतिस्थापन धारा के अनुसार, निविदा में उद्धृत दरों पर करार में वर्णित मूल मात्रा के अतिरिक्त ठेकेदारों से केवल 20 प्रतिशत अतिरिक्त मात्रा में सामान क्रय किया जा सकता है । लेकिन यह पाया गया कि करारों का अनुपालन करते हुए निम्नलिखित करारों के अन्तर्गत क्रय किये गये सामान की अतिरिक्त मात्रा 20 प्रतिशत से अधिक थी:

क्र. सं.	मद का नाम	करार/आपूर्ति आदेश सं0 तथा तिथि	आदेश में दी गई मूल मात्रा	आदेश में दी गई अतिरिक्त मात्रा	आपूर्ति आदेश/अनुपूरक करार की तिथि तथा संख्या	अतिरिक्त मात्रा की प्रतिशतता
1.	रोड मार्किंग पेंट गोल्डन येलो	103/ईई/भंडार/2006-07 दि. 2.12.06	8000 लीटर	9000 लीटर	124/ईई(भंडार)/2006-07 दि. 30.3.07	112.5 %
2.	सिन्थेटिक इनेमल पेंट गोल्डन येलो	67/ईई/भंडार/2006-07 दि. 18.10.06	9500 लीटर	5000 लीटर	123/ईई(भंडार)/2006-07 दि. 30.3.07	78.95 %
				2500 लीटर	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/डी/1047-52 दि. 6.3.07	
3.	सिन्थेटिक इनेमल पेंट ब्लैक शेड	71/ईई/भंडार/2006-07 दि. 25.10.06	13000 लीटर	3500 लीटर	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/ए-1/393-98 दि. 21.3.07	26.92 %

4.	सिन्थेटिक इनेमल पेंट अल्ट्रा व्हाइट	85/ईई/भंडार/2006-07 दि. 20.11.06	4100 लीटर	2000 लीटर	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/डी/1403-08 दि. 17.10.07	48.78-%
5.	सिन्थेटिक इनेमल पेंट लाईट ग्रे		2800 लीटर	1000 लीटर	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/डी/1403-08 दि. 17.10.07	35.71 %
6.	सिन्थेटिक इनेमल पेंट स्काई ब्लू	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/ए-1/डी/ 3655-63 दि. 30.10.06	2300 लीटर	1000 लीटर	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/डी-1409-14 दि. 17.10.07	43.48 %
7.	इन्सटैंट रोड रिपेयर बिटुमिनस प्री-मिक्स	52/ईई/भंडार/2007-08 दिनांक 29.10.07	34000 कि.ग्रा.	17000 कि.ग्रा.	आपूर्ति आदेश सं0 ईई(भंडार)/एबी/डी-1627-32 दि. 27.11.07	50 %

अतः यह देखा जा सकता है कि भंडार (सिविल)प्रभाग ने मूल करार से 20 प्रतिशत से अधिक मात्रा क्रय की, जो कि 26.92 प्रतिशत से 112.5 प्रतिशत है । इस प्रकार प्रभाग ने प्रतिस्थापन धारा में निर्धारित अधिकतम सीमा का उल्लंघन किया जो कि मॉग के गलत अनुमान करने को इंगित करता है।

मामला (अगस्त 2009) विभाग को प्रेषित किया गया था। विभाग ने वर्णन किया (अगस्त 2009) कि विदेशी पदाधिकारियों एवं अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आवागमन के कारण, क्षेत्र में नव-सुधार किया जाना नगर निकाय का विवेकाधीन दायित्व है । इसके परिणामस्वरूप सामान का विचलन सीमा से अधिक क्रय होने का कारण बना । पुनः यह वर्णन किया गया कि भविष्य में अनुपालन हेतु लेखा परीक्षा विभाग की टिप्पणियों को नोट कर लिया गया है तथा सामान की मात्रा का अन्तिम सीमा से विचलन नही किया जायेगा।

विभाग के प्रत्युतर पर इस तथ्य के दृष्टिगत विचार किया जाता है कि यदि मांग का सही तरीके से अनुमान लगाया जाता एवं निविदा आमन्त्रण सूचना अधिक मात्रा हेतु जारी की जाती तो इससे अधिक प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त होते।

वाणिज्यिक विभाग

अध्याय-IV: वाणिज्यिक विभाग

4.1 अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज की वसूली न होने के कारण 1.03 करोड रुपये की हानि

परिषद् के अक्टूबर 2004 के प्रस्ताव के अनुसार, विद्युत के थोक उपभोक्ताओं के मामले में यदि अधिकतम मांग अनुबन्ध मांग से 5 प्रतिशत से अधिक हुई, तो ऐसे बिलिंग चक्र हेतु कुल मांग जमा ऊर्जा प्रभार पर 30 प्रतिशत का सरचार्ज लगाया जाना था । रिकार्ड की जांच से ज्ञात हुआ कि 34 मामलों में, अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज की वसूली न होने के कारण नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को 1.03 करोड़ रुपये की हानि हुई।

परिषद् ने जुलाई 2001 में पारित किया था कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् क्षेत्र के उपभोक्ताओं हेतु संशोधित विद्युत शुल्क दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में लागू शुल्क के समान होगा । दिल्ली नगर निगम तथा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् क्षेत्र में अपनाई शुल्क अनुसूची में केवल यह अन्तर था कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् क्षेत्र में, मिश्रित लोड(उच्च दाब) श्रेणी हेतु दो भागों में शुल्क को वास्तविक खपत हेतु एकल भाग शुल्क किलो वाट प्रतिघंटा दर में समेकित किया गया था, क्योंकि ऐसे सभी उपभोक्ताओं के परिसरों पर इलैक्ट्रोनिक मीटरों का संस्थापन लम्बित होने के कारण अधिकतम मांग पर आधारित मांग प्रभारों को संगणित नहीं किया जा सका था । यद्यपि 558 कनेक्शनों, जहाँ स्वीकृत भार 100 किलो वाट या अधिक था, के मामले में इलैक्ट्रोनिक मीटर लगाने का कार्य जुलाई, 2003 में पूर्ण हो गया था तथापि मीटर रीडिंग उपकरण को क्रय करने, इंटरफेस सॉफ्टवेयर के विकास एवं संस्थापन तथा बिलिंग सॉफ्टवेयर के संशोधन में विलम्ब हुआ।

दो-भाग शुल्क प्रणाली लागू करने के लिए, परिषद् ने अक्टूबर 2004 में पारित किया कि विद्युत के थोक उपभोक्ताओ (100 कि.वा. तथा अधिक) के मामले में, स्वीकृत लोड अधिकतम मांग सूचक द्वारा दर्शाये गये अनुसार अधिकतम मांग के बराबर माना जाये और अधिकतम मांग सूचक की रिडिंग अनुबन्ध मांग से 5 प्रतिशत से अधिक होने पर ऐसे बिलिंग चक्र पर कुल मांग जमा ऊर्जा प्रभार पर 30 प्रतिशत का सरचार्ज लगाया जाये।

उच्च दाब थोक/प्राइवेट से संबंधित मीटर रीडिंग पुस्तिकाओं के साथ-साथ लैजर पुस्तिकाओं से संबंधित रिकार्डो की जांच से ज्ञात हुआ कि 34 मामलों में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन न करने के परिणामस्वरूप, अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज की वसूली न होने से, निम्न विवरण अनुसार 1.03 करोड़ रुपये की हानि हुई:

(i) 25 मामलों में मीटर रीडिंग पुस्तिका में अधिकतम मॉग सूचक रीडिंग को कम्प्यूटर प्रणाली में फीड नहीं किया गया था । इस प्रकार अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज, जहॉ भी लागू होता है, को लगाया नहीं जा सका जिसके परिणामस्वरूप अनुलग्नक VIII में दिये गये विवरण अनुसार 70.93 लाख रुपये की हानि हुई ।

(ii) छः मामलों में, अधिकतम मांग सूचक रीडिंग को कम्प्यूटर प्रणाली में फीड किया गया था तथा बिल में दर्शाया गया था। यद्यपि स्वीकृत लोड से 5 प्रतिशत से अधिक का अन्तर था, फिर भी अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज लगाया नहीं गया जिसके परिणामस्वरूप अनुलग्नक IX में दिए गए विवरणानुसार 7.62 लाख रुपये की हानि हुई ।

(iii) तीन मामलों में, अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज को केवल मांग प्रभारों पर संगणित किया गया था जबकि इसे कुल मांग प्रभारों जमा ऊर्जा प्रभारों पर संगणित किया जाना चाहिए था, जिसके परिणामस्वरूप अनुलग्नक X में दिए गए विवरणानुसार 24.35 लाख रुपये की हानि हुई।

इस प्रकार नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को अधिकतम मांग सूचक सरचार्ज की वसूली न होने के कारण 1.03 करोड़ रुपये की हानि हुई ।

मामला विभाग को प्रेषित किया गया था (जुलाई 2009)। उनका प्रत्युत्तर प्रतीक्षारत था (सितम्बर 2009)।

4.2 विद्युत प्रभारों के बकायों की वसूली न होना

काफी संख्या में उपभोक्ताओं से विद्युत प्रभारों की वसूली करने में विभाग के असफल रहने के परिणामस्वरूप 31 मार्च 2008 तक 103.93 करोड़ रुपये की राशि के बकाया का संचयन हो गया।

न.दि.न.पा.परिषद् अधिनियम 1994 की धारा 195 के अनुसार, यह परिषद् का दायित्व बनता है कि अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नई दिल्ली क्षेत्र हेतु विद्युत आपूर्ति की एक दक्षतापूर्ण, समन्वित तथा मितव्ययितापूर्ण पद्धति एवं रखरखाव करें तथा इस उद्देश्य हेतु समय-समय पर विद्युत प्रदाय का अर्जन एवं उपभोक्ताओं को वितरित करें । पुनः उक्त अधिनियम की धारा 200 में यह प्रावधान है कि विधि के उपबन्धों के अधीन परिषद् विद्युत प्रदाय के लिए ऐसी दरों पर प्रभार लगायेगी, जो परिषद द्वारा समय-समय पर नियत किए जाए । विद्युत बिलों में दिये गये निर्देशों में यह भी उपबन्धित होता है कि बिल के भुगतान न होने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति बिना किसी पूर्व नोटिस के काट दी जाएगी तथा इसे अपेक्षित नोटिस की तरह माना जाए।

माँग तथा संग्रहण रजिस्टर की जाँच से यह ज्ञात होता है कि विद्युत प्रभारों की 31 मार्च 2008 तक 103.93 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी। इस राशि में जून 2005 तक के जल प्रभारों के बकाया भी सम्मिलित थे तथा तत्पश्चात्, जल के बिल अलग से जारी किये जा रहे हैं । पिछले सात वर्षों के बकाया की स्थिति की समीक्षा करने से ज्ञात होता है कि पिछले कुछ वर्षों से स्थिति गम्भीर हो गई है। विद्युत तथा जल प्रभार (जून 2005 तक, जोकि विद्युत के बिल में सम्मिलित थे) का बकाया निम्न विवरणानुसार मार्च 2002 में 70.70 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2008 में 103.93 करोड़ रुपये हो गया:-

अवधि	मार्च के दौरान कुल माँग (रुपये करोड़ में)	कुल मांग में बकाया राशि (रुपये करोड़ में)	कुल मांग में बकाया की प्रतिशतता	बकायों में वृद्धि (+)/कमी (-) की प्रतिशतता
मार्च 2002	113.87	70.70	62.08	(+)43.10
मार्च 2003	116.33	70.99	61.02	(+)0.41
मार्च 2004	146.02	99.01	67.80	(+)39.47
मार्च 2005	135.76	90.18	66.43	(-)8.92
मार्च 2006	144.88	*103.12	71.18	(+)14.35
मार्च 2007	157.88	*110.56	70.16	(+)7.21
मार्च 2008	148.33	*103.93	70.07	(-)6.00

* जल प्रभार सम्मिलित नहीं

उपरोक्त आँकड़े इंगित करते हैं कि 2005 तथा 2008 के दौरान बकाया की स्थिति में कुछ सुधार हुआ क्योंकि 31 मार्च 2004 को बकाया राशि 99.01 करोड़ रुपये से कम होकर मार्च 2005 में 90.18 करोड़ रुपये हो गई तथा 31 मार्च 2007 में 110.56 करोड़ रुपये से कम होकर मार्च 2008 में 103.93 करोड़ रुपये हो गई । मार्च 2002 से कुल वृद्धि लगभग 47 प्रतिशत ऑकी गई है।

यह राशि कब से बकाया है तथा उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान न करने के कारण रिकार्ड में नहीं पाये गये । न्यायालय के आदेशों द्वारा स्टे के मामलों अथवा विवादास्पद/मुकदमेबाजी वाले मामलों का विवरण ऑडिट को उपलब्ध नहीं कराया गया । इन रिकार्डों की अनुपलब्धता से यह स्पष्ट नहीं था कि कितनी बकाया राशि वास्तव में वसूलनीय है । बकाया के अत्यधिक होने के परिणामस्वरूप परिषद् के लेखों, जो कि अब दोहरी लेखा प्रणाली पर (वर्ष 2004-05 से) तैयार किये जा रहे हैं, में सम्पत्तियों को अधिक दिखाया जा रहा है।

बकायों की कुल स्थिति स्पष्टत: इंगित करती है कि दोषी उपभोक्ताओं से विद्युत तथा जल के प्रभारों के बकायों की वसूली हेतु, पूर्व वार्षिक रिपोर्टो में इंगित करने के बावजूद, पर्याप्त कार्यवाही नहीं

की गई । परिणामस्वरूप 31 मार्च 2008 तक 103.93 करोड़ रुपये की राशि के विद्युत प्रभारों की वसूली नहीं की जा सकी।

यह मामला विभाग को (जुलाई 2009) भेजा गया था। विभाग ने बताया कि (सितम्बर 2009) कुल बकाया राशि में प्रभार जोड़ा जाता है जोकि हमेशा विवाद में रहता है, विशेष रूप से सरकारी विभागों के बारे में और विवाद ग्रस्त मामले विभिन्न अदालतों में अटके पड़े हैं । आगे यह कहा गया है कि दिसम्बर 2007 में चलाई गई निपटान योजना के अंतर्गत बकाए की बड़ी राशि 36.52 करोड़ रुपये का निपटान किया गया था तथा बकायों को समाप्त करने के प्रयास जारी हैं।

विभाग को बकायों की तुरन्त वसूली के लिए कदम उठाने चाहिए।

विद्युत
विभाग

अध्याय-V : विद्युत विभाग

5.1 खराब ट्रांसफार्मरों का निपटान न होना

न.दि.न.पा.परिषद् के विद्युत विभाग के रखरखाव दक्षिणी प्रभाग में 45 खराब/ जले हुए ट्रांसफार्मर थे । इनमें से 22 ट्रांसफार्मरों का निपटान हेतु सर्वेक्षण किया गया तथा आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया । लेकिन, आरक्षित मूल्य निर्धारित करने के 22 से 25 माह के पश्चात् भी इन ट्रांसफार्मरों का निपटान नहीं किया गया । शेष 23 ट्रांसफार्मरों का आरक्षित मूल्य निर्धारित नहीं किया गया तथा वर्ष 1980 से 2007 से यह ट्रांसफार्मर खराब/जली हुई स्थिति में रखे हुए थे ।

सामान्य वित्तीय नियमों के प्रावधान के अनुसार, यदि कोई मद प्रयोग में न हो तो उसे अधिक्य अथवा अप्रचलित अथवा अनुप्रयोज्य घोषित कर दिया जाए, सक्षम प्राधिकारी मद (मदों) को अधिशेष अथवा अप्रचलित अथवा अनुप्रयोज्य घोषित करने हेतु उचित स्तर की एक समिति गठित कर सकते हैं; आधिक्य मदों का निपटान करने के लिए पुस्तक मूल्य, निर्देशी मूल्य और आरक्षित मूल्य अपेक्षित होंगे, की भी गणना की जाए।

यह अवलोकन किया गया कि न.दि.न.पा.परिषद् के विद्युत विभाग के रखरखाव दक्षिणी प्रभाग में 45 खराब/जले हुए ट्रांसफार्मर पड़े हुए थे । जिसमें से केवल 22 ट्रांसफार्मरों का रद्दीकरण करने हेतु सर्वेक्षण किया गया । इन ट्रांसफार्मरों की सर्वेक्षण रिपोर्ट पर रद्दीकरण उप-समिति ने अपनी बैठक जुलाई 2006 तथा अक्तूबर 2006 में विचार किया तथा इन 22 ट्रांसफार्मरों का आरक्षित मूल्य 60.99 लाख रुपये निर्धारित किया । उपसमिति द्वारा समाचार-पत्रों में प्रकाशित मार्किट दरों के अनुसार कॉपर तथा एम एस स्क्रैप की दरों के आधार पर आरक्षित मूल्य निर्धारित किये गये । शेष 23 ट्रांसफार्मर, जो 1936 से 1990 के दौरान क्रय किये गये थे तथा 1980 से 2007 तक खराब/जले हुए पड़े हैं, का सर्वेक्षण नहीं किया गया।

मामला विभाग के पास भेजा गया (अगस्त 2009) था । विभाग ने अपने प्रत्युत्तर में सूचित किया (अगस्त 2009) कि 22 ट्रांसफार्मरों की नीलामी हेतु मामला भंडार प्रभाग के पास था । तथापि, धातु मूल्यों में अत्यधिक गिरावट के कारण, सामान की बिक्री नहीं की जा सकी । पुनः यह सूचित किया गया कि शेष 23 ट्रांसफार्मरों का आरक्षित मूल्य निर्धारित करने हेतु कार्य चल रहा है तथा जैसे ही निराकरण उप-समिति द्वारा आरक्षित मूल्य निर्धारित हो जाएगा, इसे इसके निपटान हेतु भंडार प्रभाग में अग्रसरित किया जाएगा।

अतः 22 ट्रांसफार्मरों हेतु आरक्षित मूल्य निर्धारित करने के 22 से 25 माह के उपरान्त भी उनका निपटान नहीं किया जा सका। शेष 23 ट्रांसफार्मर भी 1 से 29 वर्ष की अवधि से खराब पड़े हैं एवं इसके बावजूद उनका आर्थिक मूल्य निश्चित/निर्धारित नहीं किया गया है। खराब ट्रांसफार्मरों के निपटान में देरी से उनके भंडार में मूल्यवान स्थान घेरने के अतिरिक्त अच्छे मूल्य प्राप्त होने की सम्भावना भी कम हो जाएगी।

प्रवर्तन
विभाग

अध्याय- VI : प्रवर्त्तन विभाग

6.1 टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, तहबाजारी व स्टालों के आवंटियों से लाईसेंस शुल्क के बकायों की वसूली न होना

टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, तहबाजारी व स्टालों के आवंटियों से लाईसेंस शुल्क के बकायों की वसूली के लिए पर्याप्त कार्यवाही नहीं की गई। इसके परिणामस्वरूप, मार्च 2008 को टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, तहबाजारी व स्टालों के आवंटियों पर 60.16 लाख रुपये बकाया थे।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् अधिनियम की धारा 363 में यह व्यवस्था है कि इस अधिनियम अथवा किसी अन्य उपनियमों के अनुसार परिषद् को देय कोई भी प्रभार,लागत,व्यय,फीस, दर या किराया या किसी अन्य लेखे या कर का बकाया किसी व्यक्ति पर बकाया हो तो उक्त अधिनियम के अंतर्गत यह बकाया परिषद् को देय होगा । बशर्ते कि बकाया देय की तिथि से तीन वर्ष के बाद इस अधिनियम के अंतर्गत कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी ।

प्रवर्त्तन विभाग द्वारा टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, स्टालों, तहबाजारी आदि लाईसेंस पर दिए जाते हैं। विभाग इन इकाइयों के लाईसेंस धारियों से लाईसेंस शुल्क की वसूली के लिए जिम्मेदार है। टैक्सी बूथों, पी.सी.ओ. बूथों, स्टालों, और तहबाजारी के मांग व प्राप्ति रजिस्टरों की जांच से पता चला कि इन लाईसेंस धारकों की और 31 मार्च 2008 को 60.16 लाख रुपये के लाईसेंस शुल्क की राशि बकाया थी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

(रुपये लाख में)

क्र.सं.	इकाई का नाम	दोषियों की संख्या	राशि
1.	टैक्सी बूथ	32	21.29
2.	पी.सी.ओ.बूथ	4	0.38
3.	स्टाल थरेजा समिति द्वारा सत्यापित	443	32.57
4.	तहबाजारी (दक्षिणी)	19	1.37
5.	तहबाजारी (उत्तरी)	62	4.55
	योग	**560**	**60.16**

मार्च 2000, मार्च 2001, मार्च 2003, मार्च 2005 तथा मार्च 2007 को समाप्त होने वाले वर्षो की वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में यह इंगित किया गया था कि प्रवर्त्तन विभाग द्वारा टैक्सी बूथों, स्टालों, तहबाजारी आदि के आवंटियों से लाइसेंस शुल्क की वसूली के लिए पर्याप्त कार्यवाही नहीं की गयी । परिणामस्वरूप इन इकाईयों के लाइसेंस धारियों की और लाइसेंस शुल्क की अत्यधिक राशि बकाया हो गई है । यह लाइसेंस शुल्क मार्च 2007 में 54.15 लाख रुपये (523 दोषी) से बढ़कर मार्च 2008 में 60.16 लाख रुपये (560 दोषी) हो गई थी।

टैक्सी बूथों, तहबाजारी, स्टालों व पी.सी.ओ. बूथों की ओर बकाया की जांच से निम्न की जानकारी मिलती है :-

(i) **टैक्सी बूथ**

टैक्सी बूथों के लाईसेंस धारकों की ओर बकाया की स्थिति में पिछले वर्ष की अपेक्षा मार्च 2008 को सुधार हुआ है । इन इकाइयों से मार्च 2007 में 53 दोषियों की ओर 34.36 लाख रुपये की बकाया राशि कम होकर मार्च 2008 में 32 दोषियों की और 21.29 लाख रुपये रह गई । कुल बकाया 21.29 लाख रुपये में लाईसेंस शुल्क के 2.80 लाख रुपये तथा 18.49 लाख रुपये ब्याज प्रभार के है । वैयक्तिक लाइसेंसधारी की ओर 247 रुपये से 2.74 लाख रुपये तक का बकाया है ।

(ii) **पी.सी.ओ.बूथ**

31 मार्च 2008 तक पी.सी.ओ. बूथ के चार लाईसेंसधारियों पर लाईसेंस शुल्क का 0.38 लाख रुपये बकाया था । वैयक्तिक लाईसेंससधारी की ओर 1421 रुपये से 29862 रुपये तक की राशि बकाया थी।

(iii) **थरेजा समिति द्वारा सत्यापित स्टाल/तहबाजारी**

इन इकाइयों की ओर बकाया इंगित करता है कि मार्च 2007 में 14.93 लाख रुपये (389 लाइसेंसधारियों) की बकाया राशि बढ़कर मार्च 2008 में 32.57 लाख रुपये (443 लाइसेंसधारियों) हो गयी। वैयक्तिक लाइसेंसधारियों की ओर 4 रुपये से 1.32 लाख रुपये तक बकाया था ।

(iv) **तहबाजारी (दक्षिण)**

इन इकाइयों की ओर बकाया से यह संकेत मिलता है कि मार्च 2007 में 1.02 लाख रुपये (16 दोषियों) बकाया में मामूली बढ़ोतरी होकर मार्च 2008 में 1.37 लाख रुपये (19 दोषियों) हो गयी है। इन लाइसेंसधारियों की ओर 100 रुपये से 27492 रुपये बकाया हैं ।

(v) **तहबाजारी (उत्तर)**

इन इकाईयों की ओर बकाया से यह संकेत मिलता है कि मार्च 2007 में 3.53 लाख रुपये (58 दोषियों) के बकाया में मामूली बढ़ोतरी के साथ मार्च 2008 में 4.55 लाख रुपये (62 दोषियों) हो गई । इन लाइसेंसधारियों की ओर 100 रुपये से 75604 रुपये तक बकाया हैं।

उक्त वर्णित बकायों की स्थिति इंगित करती है कि विभिन्न वाणिज्यिक इकाइयों के लाइसेंसधारियों से लाइसेंस शुल्क की वसूली का अनुवीक्षण दक्षतापूर्ण नहीं किया गया और दोषी लाइसेंस धारियों की ओर नियमाधीन कार्यवाही नहीं की गई । यह भी पाया गया था कि मांग एवं संग्रहण रजिस्टर का उचित रखरखाव नहीं किया गया था और पूर्ण सूचना उसमें अंकित नहीं की गई

थी। किस तिथि से बकाया देय थे, उनको भी रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था । अनेक मामलों में रजिस्टर में अद्यतन प्रविष्टियाँ नहीं की गई थी । बकाया पर देय ब्याज की भी अद्यतन गणना नहीं की गई थी और अनेक मामलों में दर्ज नहीं की गई थी।

विभाग के पास मामला भेजा गया था (जुलाई 2009)। विभाग ने सूचित किया (सितम्बर 2009) कि मांग एवं संग्रहण रजिस्टरों को अद्यतन नहीं किया गया था जिसके कारण आडिट के समय भारी राशि बकाए के रूप में पाई गई तथा अब रजिस्टरों को अद्यतन कर लिया है तथा भुगतान की स्थिति अद्यतन करने के पश्चात्, 19.62 लाख रुपये की राशि मार्च 2008 के पश्चात् प्राप्त की तथा 40.54 लाख रुपये की राशि बकाया है।

यद्यपि, विभाग के प्रत्युत्तर के साथ संलग्न, सभी दोषी पार्टियों की सूची से, जिनसे भुगतान की प्राप्ति हुई थी, यह अवलोकित किया गया कि सूची के अनुसार कुल प्राप्त भुगतान 18.65 लाख रुपये है जैसाकि प्रत्युत्तर में 19.62 लाख रुपये इंगित है । इसलिए, विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों के दो सैट के मध्य 0.97 लाख रुपये का अन्तर है । पुनः यह अवलोकित किया गया कि आडिट द्वारा इंगित 560 दोषियों के मामले में, विभाग ने 409 दोषियों की एक सूची जारी की है, जिनसे राशि की वसूली की सूचना दी गई है, जिनमें से 388 मामलों में भुगतान की प्राप्ति की तिथि को नहीं दर्शाया गया है । एक मामले में सूची में दर्शाया गया भुगतान, बकाया राशि से 1500 रुपये अधिक प्राप्त हुआ, दिखाया गया है जो यह इंगित करता है कि चालू बकाया के स्थान पर भी भुगतान प्राप्त किया गया था । विभाग ने पुनः सूचित किया कि शेष दोषियों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई की जा रही है तथा कुछ दोषियों ने आगे से समय पर भुगतान का आश्वासन दिया।

अतः विभाग सभी मामलों में बकायों की वर्ष-वार स्थिति अभिनिश्चित करने के लिए समूची समीक्षा करे तथा बकायों के साथ चालू बकायों के स्थान पर वसूलियों को पृथक करे तथा बकायों की तुरंत वसूली के लिए प्रयास करें।

सम्पदा
विभाग

तिमिर

गागरी

अध्याय- VII : सम्पदा विभाग

7.1 व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आवण्टियों से लाइसैंस शुल्क के बकायों की वसूली न होना

विभाग की व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आवण्टियों से लाइसैंस शुल्क के बकायों की वसूली हेतु पर्याप्त कदम उठाने में असफलता के परिणामस्वरूप 390 पार्टियों से, उनके द्वारा परिसरों को खाली करने के बाद भी, 121.87 करोड़ रुपये की वसूली नहीं हुई।

मार्च 1999, मार्च 2000, मार्च 2002, मार्च 2004 तथा मार्च 2006 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक आडिट रिपोर्टों में टिप्पणी की गई थी कि विभाग ने व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आवण्टियों से बकायों की वसूली करने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं की । परिणामस्वरूप, व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध लाइसैंस शुल्क का बकाया निरन्तर बढ़ रहा है।

व्यवसायिक इकाइयों के पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध बकायों की स्थिति की पुनः समीक्षा से ज्ञात हुआ कि आडिट में बार-बार इंगित करने के बावजूद, पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध बकायों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ । जबकि स्थिति पुनः खराब हो गई तथा पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध बकाया 31 मार्च 2006 को 387 पार्टियों से 72.09 करोड़ रुपये से बढ़कर विभाग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर 31 मार्च 2008 को 390 पार्टियों से 121.87 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रकार, पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध बकाया दो वर्षों की अवधि में लगभग 69 प्रतिशत बढ़ गया।

121.87 करोड़ रुपये के बकाया का विस्तृत विश्लेषण निम्न प्रकार था :-

क्र. सं.	बकायों का विस्तार	मामलों की संख्या	राशि (रुपये करोड़ में)
1.	5 लाख रुपये तक	124	2.11
2.	5 लाख रुपये से अधिक तथा 10 लाख रुपये तक	64	4.61
3.	10 लाख रुपये से अधिक तथा 25 लाख रुपये तक	138	21.30
4.	25 लाख रुपये से अधिक तथा 50 लाख रुपये तक	45	14.39
5.	50 लाख रुपये से अधिक तथा 1 करोड़ रुपये तक	11	7.07
6.	1 करोड़ रुपये से अधिक	8	72.39
	योग	**390**	**121.87**

पुनः बकायों का विस्तृत विश्लेषण दर्शाता है कि 124 मामलों में वैयक्तिक लाईसैंस धारियों से बकाया 5 लाख रुपये तक था तथा 8 मामलों में वैयक्तिक लाइसैंस धारियों से बकाया 1 करोड़ रुपये से अधिक तथा 33.95 करोड़ रुपये तक था ।

आडिट को उपलब्ध कराए गए रिकार्ड, बकाया किस तिथि से शेष था, बकायों का वर्षवार ब्यौरा, भुगतान न होने हेतु कारण तथा बकायों की वसूली हेतु विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी नहीं दर्शाते । तथापि दो वर्षो में बकायों की राशि में लगभग 69 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट रूप से पुराने बकायों की वसूली में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की अपर्याप्तता दिखाई दी ।

मामला विभाग को (जुलाई 2009) भेजा गया था । विभाग ने बताया (अगस्त 2009) कि 121.87 करोड़ रुपये के कुल बकाया में से, 81.81 लाख रुपये की राशि अप्रैल 1999 से मार्च 2004 तक 12 मामलों के विरूद्ध वसूली गई। वर्ष 2008-09 हेतु पाँच मामलों में 47.92 लाख रुपये की वसूली की गई जबकि एक मामले में 6.55 लाख रुपये के पश्चातवर्ती तिथि के चैक प्राप्त किए गए। पुनः यह बताया गया कि बकाया की वसूली हेतु कठोर प्रयास किए जा रहे हैं।

विभाग के प्रत्युत्तर की समीक्षा इस तथ्य के प्रकाश में की गई कि विभाग द्वारा की गई वसूलियाँ नगण्य हैं तथा कुल बकायों के केवल 1.2 प्रतिशत हैं ।

पूर्व आवण्टियों के विरुद्ध बकायों की खराब स्थिति को दृष्टि में रखते हुए पुराने बकायों की वसूली हेतु उपयुक्त उपाय करने के लिए समुचित स्तर पर तत्काल स्थिति की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

मिश्र
निर्गीतिका
माला

